CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**पैसे बीमारी ठीक होने के बाद देना**

उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।

तुलसी आयुर्वेदिक

चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव

मो.नं.-7566609039

हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

वर्ष- 43 | अंक -108 | राजनांदगांव, रविवार 03 मार्च 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# भाजपा की पहली लिस्ट में 195 नाम, इनमें 34 मंत्रीः काशी से मोदी, गांधीनगर से शाह; सूची में 28 महिलाएं, 47 कैंडिडेट 50 साल से नीचे

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 का शंखनाद कर दिया है। पार्टी ने शनिवार को अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि 16 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 195 सीटों के उम्मीदवार तय कर दिए गए हैं। बाकी सीटों पर मंथन चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। अमित शाह गांधीनगर से चुनावी मैदान में होंगे। 34 केंद्रीय एवं राज्य मंत्रियों के नाम भी इस सूची में हैं। इसके अलावा दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी को भी लोकसभा का टिकट दिया गया है।

भाजपा की पहली सूची में 195 नामों का ऐलान किया है। जिसमें 34 केंद्रीय व राज्य मंत्रियों का नाम सूची में है। 28 महिलाओं को मौका दिया गया वहीं 47 युवा उम्मीदवार, जिनकी उम्र 50 साल से कम है, 27 नाम अनुसूचित जाति से और 18 प्रत्याशी अनुसूचित वर्ग से 57 नाम अन्य पिछड़ वर्ग से टिकट दिया गया है।

### किस राज्य से कितनी सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान?

विनोद तावड़े ने बताया कि उत्तर प्रदेश की 51, पश्चिम बंगाल की 26, मध्य प्रदेश की 24, गुजरात की 15, राजस्थान की 15, केरल से 12, तेलंगाना से नौ, असम से 11, झारखंड से 11, छत्तीसगढ़ की 11, दिल्ली की पांच, जम्मू-कश्मीर की दो, उत्तराखंड की तीन और अरुणाचल, गोवा, त्रिपुरा, अंडमान-निकोबार और दमन और दीव की एक-एक सीट पर प्रत्याशी तय किए गए हैं।

भाजपा की पहली सूची में वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अंडमान-निकोबार से विष्णुपदा रे, अरुणाचल वेस्ट से किरण रिजिजू, अरुणाचल ईस्ट से तापिर गाव, असम के करीमगंज से कृपानाथ मल्ला, सिलवर से परीमल शुक्ला वैद्य, आटोनोमस से अमर सिंह, गुवाहाटी से बिजुली कलिता मेदी, मंगलदोई से दिलीप सहकिया, तेजपुर से रणजीत दत्ता, नौगांव से सुरेश बोरा, कलियाबौर से कामाख्य प्रसाद तासा, जोरहाट से तपन कुमार गोगोई, ड्ब्रिूगढ़ से सर्वानंद सोनोवाल, लखीमपुर से प्रधान बरोआ को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है।

छत्तीसगढ़ में सरगुजा से चिंतामणि महाराज, रायगढ़ से राधेश्याम राठिया, जाजगीर चंपा से कमलेश जांगड़े, कोरबा से सरोज पांडे, बिलासपुर से तोखन साहू, राजनंदगांव संतोष पांडे, दुर्ग से विजय बघेल, रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद से रूपकुमारी चौधरी, बस्तर से महेश कश्यप, कांकेर से भजराज नांद को उम्मीदवार बनाया है। दमन एवं दीव से लालूभाई पटेल को टिकट दिया है। दिल्ली के चांदनी चौक से प्रवीण खंडेलवाल, उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी, नई दिल्ली से बांसुरी स्वराज, पश्चिमी दिल्ली से कमलजीत सहरावत, दक्षिणी दिल्ली से रामवीर सिंह बिधूड़ी, गोवा में उत्तर गोवा से श्रीपद येस्सो नाइक को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने गुजरात के कच्छ से विनोदभाई लखमाशी चावड़ा, बनासकांठा से रेखाबेन हितेशभाई चौधरी, पाटण से भरतसिंहजी दाभी, गांधीनगर से अमित शाह, अहमदनगर पश्चिम से दिनेशभाई कोडरभाई मकवाना, राजकोट से परषोत्तम रुपाला, पोरबंदर से मनसुखभाई मंडाविया, जामनगर से पूनमबेन माडम, आणंद से मितेशभाई रमेशभाई पटेल, खेड़ा से देवुसिंह चौहान, पंचमहल से राजपालसिंह महेंद्रसिंह जाधव, दाहोद से जसवन्तसिंह भाभोर, भरूच से मनसुखभाई वसावा, बारडोली से प्रभुभाई नागरभाई वसावा, नवसारी से सीआर पाटिल को मैदान में उतारा है। जम्मू एवं कश्मीर के उधमपुर से जितेंद्र सिंह, जम्मू से जुगल किशोर शर्मा, झारखंड के राजमहल से ताला मरांडी, दुमका से नील सोरेन, गोड्डा से निशिकांत दुबे, कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी, रांची से संजय सेठ, जमशेदपुर से विद्युत बरण महतो, सिंहभूम से गीता कोड़ा, खूंटी से अर्जुन मुंडा, लोहारदगा से समीर उरांव, पलामू से विष्णु दयाल राम, हजारीबाग से मनीष जयसवाल को टिकट दिया है।

केरल में कासरगोड से एम.एल. अश्विनी, कण्णूर से सी.रघुनाथ, वडकरा से प्रफुल्ल कृष्ण, कोजिक्कोड से एम.टी. रमेश, मलप्पुरम से अब्दुल सलाम, पोन्नानी से निवेदिता सुब्रमण्यन, पालक्कड से सी. कृष्णकुमार, त्रिशूर से सुरेश गोपी, अलपुझा से शोभा सुरेंद्रन, पत्तनमतिट्टा से अनिल के. एंटनी, (शेष पृष्ठ 6 पर...)



### 2019 में किस गठबंधन का कैसा था प्रदर्शन?

पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को 351, कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) को 90 और सपा-बसपा के गठबंधन को 15 सीटें मिली थीं।

### भाजपा को अकेले मिला था बहुमत

2019 में भाजपा 303 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी थी और अकेले ही उसने बहुमत के जादुई आंकड़े (272) को पार कर लिया था। इसके बाद कांग्रेस 52 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर रही थी। डीएमके को 24, तृणमूल कांग्रेस को 22 और वाईएसआरसीपी को 22 सीटें मिली थीं।

### 29 फरवरी को हुई थी अहम बैठक

इससे पहले गुरुवार को पार्टी ने देर रात तक मंथन किया था। केंद्रीय चुनाव कमेटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य सदस्यों ने कई नामों को अंतिम रूप दिया था।

### 2019 में भाजपा का प्रदर्शन

भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव यानी 2019 में 543 सीटों में से 436 पर उम्मीदवार उतारे थे। बाकी सीटें पार्टी ने सहयोगी दलों को दी थीं। जिन 436 सीटों पर भाजपा ने चुनाव लड़ा था, उनमें से पार्टी को 303 पर जीत मिली थी। यह आंकड़ा लोकसभा में बहुमत के आंकड़े 272 से भी ज्यादा था। इसके अलावा 72 सीटों पर भाजपा दूसरे नंबर, 31 सीटों पर तीसरे नंबर और 30 सीटों पर इससे भी नीचे रही थी, जबकि 51 सीटों पर पार्टी के उम्मीदवारों की जमानत भी जब्त हो गई थी।

## मोदी ने काशी से टिकट मिलने पर जताया आभार, बोले- जल्द होगी बाकी उम्मीदवारों की घोषणा

इंदौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से तीसरी बार टिकट मिलने पर भाजपा नेतृत्व व करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जाता है। उन्होंने कहा कि मैं तीसरी बार काशी की सेवा करने के लिए तत्पर हूं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी बाकी उम्मीदवारों के नाम की भी घोषणा कर देगी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से टिकट मिलने के बाद कहा कि मैं धन्यवाद देता हूं भाजपा नेतृत्व और करोड़ों निस्वार्थ पार्टी कार्यकर्ताओं को मेरे प्रति उनके निरंतर विश्वास के लिए उनको नमन है। मैं तीसरी बार काशी के अपने बहनों और भाइयों की सेवा के लिए तत्पर हूं।

### काशी की सेवा में करता रहूंगा काम

उन्होंने कहा कि 2014 में मैं लोगों के सपनों को पूरा करने और सबसे गरीब लोगों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के साथ काशी गया था। पिछले दस वर्षों में हमने विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है और बेहतर काशी की दिशा में काम किया है। ये प्रयास और भी अधिक शक्ति से जारी रहेंगे। मैं काशी के लोगों को उनके आशीर्वाद के लिए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ की सभी सीटों के लिए भाजपा ने किया प्रत्याशियों का ऐलान, रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल तो नांदगांव से संतोष पांडे





रायपुर। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी। पहली लिस्ट में पार्टी ने 195 से ज्यादा सीटों पर नामों की घोषणा की है। इसमें छत्तीसगढ़ की ग्यारह सीटों के लिए उम्मीदवारों का नाम भी शामिल है। दुर्ग से विजय बघेल, राजनांदगांव से संतोष पांडेय, रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद से रुपकुमारी चौधरी, कांकेर से भोजराज नाग चुनाव लड़ेंगे। वहीं कोरबा से सरोज पांडेय, सरगुजा से चिंतामणि महाराज, जांजगीर चांपा से कमलेश जांगड़े, रायगढ़ से राधेश्याम राठिया, बिलासपुर से तोखन साहू, बस्तर से महेश कश्यप को प्रत्याशी बनाया गया है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा की 11 सीटें हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में में राज्य की सत्ता गंवाने के बावजूद भी भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा की 11 में 9 सीटें अपने नाम करने में कामयाब रही थी। वहीं राज्य बनने के बाद से कांग्रेस 2004 और 2019 में ही दो लोकसभा सीटों के आंकड़े तक पहुंची थीं, जबकि बाकी के लोकसभा चुनाव में उसके खाते में हमेशा एक ही सीट आई है। इन आंकड़ों के बावजूद भी कांग्रेस दावों में पीछे नहीं रही है।

## मोदी नाम का जादू चलते नहीं दिखा, तो काट दी सांसदों की टिकट- कांग्रेस



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की सूची में दिल्ली में पांच में से चार सीटों पर उम्मीदवार बदलने को लेकर भाजपा पर हमला करते हुए सवाल पूछा कि आखिर इन सांसदों की टिकट किस आधार पर काटी गई है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची पर कहा कि जिन सांसदों के टिकट काटे गये हैं यदि वे काबिल नहीं थे तो भाजपा को बताना चाहिए कि आखिर जनता पर इन नाकारा सांसदों क्यों थोपा गया था।

उन्होंने ट्वीट किया, टिकट क्यों काटे। क्या ये सांसद नाकारा थे। अगर नाकारा थे, तो भाजपा को वोटरों से माफ़ी माँगनी चाहिए जिन पर नाकारा सांसदों को थोपा गया। क्या इस बार मोदी जी के नाम का जादू मीनाक्षी लेखी, प्रज्ञा ठाकुर, रमेश बिधुरी, प्रवेश वर्मा को नहीं जीता सकता है।

## आरएलडी मुखिया जयंत ने एनडीए में शामिल होने का लिया फैसला, कहा-400 पार के नारे को पूरा करने के लिए तैयार



लखनऊ । राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने शनिवार को दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस दौरान देश के गृहमंत्री अमित शाह की भी मौजूदगी रही, मुलाकात के बाद आरएलडी अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में साफ कर दिया कि वह एनडीए में शामिल होने का निर्णय ले चुके हैं. अब उनके इस कदम के बाद हर तरह की कयासबाजी पर विराम लग गया है. इससे यह भी साफ हो गया है कि बीजेपी ने गठबंधन में जयंत चौधरी को जितनी भी सीटें ऑफर की हैं, उस पर भी जयंत तब तैयार हैं।

राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी ने पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास और गरीब कल्याण का समांतर साक्षी बन रहा है। गृहमंत्री अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से भेंट कर एनडीए में शामिल होने का निर्णय लिया। विकसित भारत के संकल्प और अबकी बार 400 पार के नारे को पूरा करने के लिए एनडीए तैयार है, आरएलडी अध्यक्ष जयंत चौधरी से पहले बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि आज गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में आरएलडी के अध्यक्ष जयंत चौधरी से मुलाकात हुई। मैं उनके एनडीए परिवार में शामिल होने के निर्णय का हृदय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कोलकाता में देश के पहले अंडरवॉटर मेट्रो रेलवे नेटवर्क का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के पहले अंडरवॉटर मेट्रो रेल टनल का उद्घाटन करने के लिए 6 मार्च को बंगाल पहुंचेंगे, रेलवे सूत्रों ने जानकारी देते हुए कहा कि पीएम 6 मार्च को कोलकाता में देश के पहले अंडरवाटर मेट्रो रेलवे नेटवर्क का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही पीएम मेट्रो सेवा की पहली सार्वजनिक सवारी भी करेंगे, रेलवे सूत्रों ने जानकारी देते हुए कहा कि यह मेट्रो हावड़ा मैदान और एस्प्लेनेड के बीच चलती है.



बता दें कि यह टनल, ट्रेनों को हुगली नदी के तल से 32 मीटर नीचे चलने की अनुमति वाली होगी, जिससे यात्रियों के लिए यात्रा का समय कम हो जाएगा.

यह सेक्टर से हावड़ा तक चलेगी, हुगली के नीचे चलने वाली देश की पहली अंडरवॉटर मेट्रो रेल नदी और हावड़ा को कोलकाता शहर से जोड़ती है. न्यू गरिया-हवाईअड्डा मार्ग का न्यू गरिया-रूबी अस्पताल क्रॉसिंग खंड और जोका-एस्प्लेनेड मेट्रो मार्ग पर तारातला-माझेरहाट खंड पूरा हो गया है और सार्वजनिक सेवा के लिए तैयार है. मेट्रो रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हावड़ा मैदान-साल्ट लेक सेक्टर पूर्व-पश्चिम कोलकाता मेट्रो कॉरिडोर पर हावड़ा मैदान-एस्प्लेनेड खंड के साथ-साथ इन दो हिस्सों का भी उद्घाटन किया जाएगा।

कोलकाता मेट्रो के महाप्रबंधक पी उदय कुमार ने ईटीवी भारत को बताया कि 'कोलकाता मेट्रो सभी तीन मेट्रो खंडों पर वाणिज्यिक सेवाएं शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि प्रधानमंत्री तीनों मार्गों का दौरा करेंगे या नहीं, डिटेल्स पर काम किया जा रहा है, भाजपा सूत्रों ने इस विषय में कहा कि पीएम उत्तर 24 परगना के बारासात में एक रैली को संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री की एक और यात्रा होगी और इस बार यह उत्तर बंगाल में होगा. भाजपा के जलपाईगुड़ी जिला अध्यक्ष बापी गोस्वामी ने कहा 'हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह 9 और 11 मार्च के बीच किसी भी दिन उत्तर बंगाल पहुंचेंगे और जलपाईगुड़ी या सिलीगुड़ी में एक मेगा रैली आयोजित की जाएगी।

## साय सरकार 12 मार्च को किसानों के खाते में ट्रांसफर करेगी 13 हजार करोड़ की राशि, पत्थलगांव में खुलेगा लिंक कोर्ट

जशपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ऐलान किया है कि 12 मार्च को 24 लाख से अधिक किसानों को 13 हजार करोड़ की राशि बांटी जाएगी, किसानों के बीच जो राशि वितरित की जाएगी वो न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक की अतिरिक्त राशि है, शनिवार को पत्थलगांव में लिंक कोर्ट खोले जाने का ऐलान भी सीएम साय ने किया।

### सरकार ने किया था किसानों से वादा

पार्टी ने विधानसभा चुनाव के दौरान किसानों से वादा किया था कि वो 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदेगी, खरीफ सीजन 2023-24 के लिए धान खरीदी 1 नवंबर से 4 फरवरी 2024 तक चली, 24 लाख से अधिक किसानों से सरकार ने एमएसपी पर कुल 147 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की। हमारे वादे के मुताबिक किसानों से




प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा गया, कुल 147 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया जो एक रिकॉर्ड है। किसानों को अपना धान बेचने पर एमएसपी तो मिला है, लेकिन 3100 रुपये प्रति क्विंटल देने के वादे के मुताबिक। अंतर राशि 917 रुपये प्रति क्विंटल 12 मार्च को दी जाएगी, 24 लाख से अधिक किसानों को उनके बैंक खातों में कुल 13,000 करोड़ रुपये की अंतर राशि मिलेगी। 12 मार्च को केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे उस दिन ये राशि किसानों के खाते में पहुंच जाएगी.

### लिंक कोर्ट खोले जाने की घोषणा

सीएम विष्णु देव साय ने पत्थलगांव में लिंक कोर्ट खोले जाने का भी ऐलान किया, सीएम ने कहा कि पत्थलगांव के विकास के लिए लिंक कोर्ट का खोला जाना जरुरी है। जल्द ही पत्थलगांव में लिंक कोर्ट की शुरुआत होगी, लिंक कोर्ट बनने से पत्थलगांव में अपर कलेक्टर और एडिशनल एसपी यहां बैठा करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब से डबल इंजन की सरकार बनी है, तब से नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई तेज हुई है। बस्तर में लगातार नए सुरक्षा कैंप खोले जा रहे हैं. फिलहाल 14 से 15 कैंप खोले गए हैं, सरकार की योजनाएं जहां पहले नहीं पहुंचती थी वहां तक योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चीन से पाकिस्तान जा रही शिप को मुंबई बंदरगाह पर रोका, परमाणु मिसाइल से जुड़ी खेप होने का संदेह

मुंबई। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने चीन से कराची जा रहे एक जहाज को इस संदेह में मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह पर रोक दिया कि इसमें दोहरे उपयोग वाली खेप थी जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए किया जा सकता था। ऐसी सूचना है कि इस शिप में कुछ ऐसे संदिग्ध सामान मिले जिनका इस्तेमाल पाकिस्तान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए किया जा सकता था। शनिवार को यहां अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

### शिप में मिली कम्प्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल मशीन

सीमा शुल्क अधिकारियों ने खुफिया जानकारी के आधार पर, 23 जनवरी को कराची जा रहे माल्टा का ध्वज लगे व्यापारी जहाज 'सीएमए सीजीएम अत्तिला' को बंदरगाह पर रोका और खेप का निरीक्षण किया, जिसमें एक कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) मशीन भी शामिल थी, जो मूल रूप से एक इतालवी कंपनी की बनाई हुई थी। सीएनसी मशीनें मूल रूप से एक कंप्यूटर से चलती हैं। ये दक्षता, स्थिरता और सटीकता का ऐसा पैमाना तैयार करती हैं जो मैन्युअल रूप से संभव नहीं है।




मुंबई बंदरगाह पर रोकी गई खेप

### पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम में इस्तेमाल होने का था संदेह

विशेषज्ञों के अनुसार, यह उपकरण पाकिस्तान के मिसाइल विकास कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण भागों के निर्माण में इस्तेमाल किया जा सकता था। वर्ष 1996 से, सीएनसी मशीनों को 'वासेनार व्यवस्था' में शामिल किया गया है। वासेनार एक अंतर्राष्ट्रीय हथियार नियंत्रण व्यवस्था है जिसका उद्देश्य नागरिक व सैन्य दोनों उपयोगों वाले उपकरणों के प्रसार को रोकना है। भारत उन 42 सदस्य देशों में से एक है जो पारंपरिक हथियारों और दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं व प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर सूचनाओं का आदान-प्रदान करता है। सीएनसी मशीन का उपयोग (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# मलईडबरी के अंधे कत्ल का खुलासा, कबाड़ी सामान उठाने के क्षेत्र बंटवारे को लेकर दो सगे भाईयों ने की हत्या

राजनांदगांव(दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सर के मार्ग निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा सर एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के निर्देशानुसार पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ के अपराध क्रमांक 100/2024 धारा 302, 34 भादंवि में दिनांक 26 फरवरी 2024 को सुबह करीब 9 बजे जरिये मोबाईल से सुचना प्राप्त हुआ कि ग्राम मलईडबरी, हटरी बाजार स्थल में एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या हो गयी है। सूचना प्राप्त होने पर हमराह स्टाफ सउनि सूचना तस्दीक हेतु तत्काल ग्राम मलईडबरी, हटरी बाजार स्थल रवाना होकर मलईडबरी पहुंचकर सूचना की तस्दीक किया। जहां मलईडबरी चौक के पास हटरी बाजार स्थल के चौड़ी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया।

जिसकी हत्या होना पाया जाने पर सूचना से तत्काल वरिष्ट अधिकारियों को जरिये फोन के माध्यम से घटना की जानकारी से अवगत कराया तथा घटना स्थल के संबंध में साक्ष्य संकलन हेतु एफएसएल युनिट दुर्ग एवं डॉग स्काट का सूचनार्थ कर उक्त अज्ञात व्यक्ति के संबंध में आसपास के लोगों तथा गांव के लोगों को हमराह स्टाफ के जरिये मृतक का फोटो दिखाकर पहचान कराया गया, जिस पर मृतक के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी एवं पहचान होना नहीं बताया गया, जिस पर प्रार्थी कलाराम टेम्भुलकर पिता स्व. बिरझुराम टेम्भुलकर उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम मलईडबरी पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ का घटना स्थल पर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम मलईडबरी में रहता हूं, खेती किसानी का काम करता हूं। 26 फरवरी 2024 के सुबह 9 बजे करीब मलईडबरी चौक, हटरी बाजार स्थान के पास लोग इकट्ठा होकर खडे थे, जिन्हें देखकर पास गया तो हटरी बाजार स्थल के चौड़ी में एक अज्ञात व्यक्ति खुन से लथपथ चित हालत में पड़ा हुआ था, जिसका आधा शरीर हटरी के चौड़ी में और पैर चौड़ी से नीचे जमीन से लगा हुआ था। मृतक शर्ट और पेंट पहना हुआ था और सिर के पास बड़ा वजनी पत्थर था जिसमें खुन का धब्बा लगा हुआ था। मृतक के शव के पास गमछा और झोला पड़ा हुआ था। अज्ञात मृतक के गर्दन में कई चोट के निशान एवं सिर व चेहरा को वजनी पत्थर से मारने से सिर फट गया है एवं चेहरा कुचला हुआ है, जिससे सिर और गर्दन के पास चौड़ी में काफी खुन फैला है, उस अज्ञात व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो चुकी है। कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा उस अज्ञात मृतक के गर्दन में चोट पहुंचाकर एवं सिर एवं चेहरा में वजनी पत्थर से गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दिया है। रिपोर्ट पर ही देहाती मर्ग एवं देहाती अपराध धारा 302 भादंवि कायम कर असल नंबर मर्ग क्रमांक 20/24 धारा 174 जाफौ एवं अपराध क्रमांक 100/24 धारा 302 भादंवि कायम किया गया।



अज्ञात मृतक पुरूष उम्र करीबन 55 वर्ष के शव का पंचनामा कार्यवाही किया गया। बाद अज्ञात मृतक पुरूष के वरिशानों का पता किया गया, जो उपस्थित आने पर अज्ञात मृतक पुरूष को राधेलाल निषाद पिता स्व. बिसाहू निषाद, उम्र 55 वर्ष, साकिन ग्राम सोनेसरार, थाना लालबाग, जिला राजनांदगांव का मृतक के परिजन बड़े भाई नकुल राम निषाद एवं गवाहों के द्वारा शिनाख्त कराकर शिनाख्ती पंचनामा तैयार किया गया। बाद मृतक का मेडिकल कालेज अस्पताल राजनांदगांव से पीएम कराया गया। पीएम बाद मृतक के शव को परिजनों को सुपुर्द किया गया। विवेचना दौरान दिनांक 27 फरवरी 2024 को घटना स्थल के पास स्थित शेरे पंजाब ढाबा में लगे सीसीटीव्ही फुटेज का अवलोकन किया गया। जिसमें घटना स्थल पर पाये गये काला सफेद रंग के चेकदार गमछा एवं हरे कलर का टोपी पहना हुआ संदेही फुटेज मिलने पर संदेही का फुटेज लेकर आसपास पता-तलाश किया गया। पता-तलाश दौरान दिनांक 27 फरवरी 2024 को ग्राम नाथुनवागांव के शंकर यादव एवं उसकी पत्नी आहिल्या बाई यादव के द्वारा फोटो को देखकर संदेही का नाम जीवन यादव, निवासी लखोली होना बताने पर संदेही के संबंध में लखोली, राजनांदगांव, दुर्ग-भिलाई पुलगांव आदि स्थानों पर फोटो दिखाकर लगातार पता तलाश किया गया। पता-तलाश दौरान मलईडबरी से दुर्ग तक जीई रोड के किनारे लगे दुकानों का सीसीटीव्ही फुटेज चेक कर एवं मुखबीर सूचना प्राप्त किया गया तथा दिनांक 1 मार्च 2024 को ग्राम सोमनी, शीतला मंदिर के सामने यात्री प्रतिक्षालय के पास संदेही जीवन यादव के दिखाई देने पर पहुंचकर पता तलाश की जा रही थी, उसी दौरान 2 व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी का दौड़ाकर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम जीवन यादव एवं देवनारायण यादव उर्फ देवा बताये, जिन्हें पूछताछ करने पर दोनों भाई के द्वारा मलईडबरी में घटना करना स्वीकार करने पर अभिरक्षा में लेकर चौकी उपस्थित आये, जो आरोपी जीवन यादव एवं आरोपी देवनारायण यादव से पृथक-पृथक गवाहों के समक्ष पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार कर बताये कि यह दोनों घुमन्तु प्रवृत्ति के है। कबाड़ी इकट्ठा कर जीवन-यापन करते है।

प्रत्येक सप्ताह के रविवार को राजनांदगांव से कबाड़ी समान उठाते हुए मलईडबरी आकर रात्रि में बाजार चौड़ी में सोते है। 25 फरवरी 2024 के शाम भी राजनांदगांव से कबाड़ी सामान उठाते हुए आरोपी जीवन यादव और देवनारायण यादव एक पिंक कलर की लेडिस सायकल में एक साथ कबाडी समान उठाते हुए मलईडबरी पहुंचे, शाम को शेरे पंजाब ढाबा से आरोपी जीवन यादव खाना लेकर बाजार चौड़ी में अपने भाई आरोपी देवनारायण यादव के साथ खाना खा रहा था। उसी समय वहां पर मृतक राधेलाल निषाद पहुंचकर आरोपियों को मलईडबरी के आसपास कबाड़ी सामान नहीं उठाने की बात बोलकर मां-बहन की गाली देकर आरोपी जीवन यादव को मारा, उसी विवाद को लेकर आरोपी जीवन यादव, देवनारायण यादव एक राय होकर मृतक राधेलाल को पकड़कर बाजार चौड़ी में पटक दिये। आरोपी जीवन यादव मृतक के गला को दबाया, आरोपी देवनारायण यादव मृतक के कमर पैर को पकड कर रखा हुआ था। आरोपी जीवन यादव अपने सायकल के चैन कवर से मृतक के गले में मारा।

साथ ही चौड़ी के पास रखे वजनी पत्थर को लाकर मृतक के सिर में 2-3 बार मारा, जिससे मृतक के सिर में गंभीर चोट लगने से घटना स्थल पर ही मृतक राधेलाल निषाद की मृत्यु हो गयी। घटना के बाद आरोपी देवनारायण यादव मृतक के हीरो सायकल को लेकर कोहका से राजनांदगांव अंजोरा चले गया। आरोपी जीवन यादव अपने पिंक कलर के सायकल को लेकर नाथुनवागांव शंकर यादव के घर गया, जहां रात रूकने नहीं मिलने पर रात्रि नाथुनवागांव में ही सोया व दूसरे दिन 26 फरवरी 2024 को नाथुनवागांव से अंजोरा चले गया व दोनों आरोपियों से मेमोरण्डम कथन लेख किया गया। मेमोरण्डम कथन अनुसार जीवन यादव से घटना के समय पहने खुन लगे कपड़ा लोवर एवं शर्ट को चौकी में निकालकर पेश करने पर जप्त किया गया। बाद रवाना होकर आरोपी देवनारायण यादव के निशानदेही पर मनकी जीई रोड किनारे खुन लगा स्वेटर तथा ग्राम सोमनी के शीतला मंदिर के पास यात्री प्रतिक्षालय के पास से जीवन के पेश करने पर एक गुलाबी रंग का लेडिस सायकल एवं देवनारायण के कब्जे से मृतक राधेलाल निषाद के सायकल को पेश करने पर जप्त किया गया। बाद दोनों आरोपियों द्वारा थनौद, जिला दुर्ग नाला के नीचे से आरोपी जीवन यादव के निशान देही पर घटना समय पहने जैकेट एवं आरोपी देवनारायण द्वारा घटना समय पहने टी शर्ट एवं पैंट को निकाल कर पेश करने पर जप्त किया गया है। प्रकरण के दोनों आरोपियों जीवन यादव एवं देवनारायण उर्फ देवा के विरूद्ध अपराध सदर धारा का पर्याप्त साक्ष्य सबुत पाये जाने पर आज दिनांक 2 मार्च 2024 को गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल निरूद्ध किया गया।

उक्त कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, तुमड़ीबोड़ प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई, सउनि अनिल यादव, सउनि तुलाराम बांक, प्रधान आरक्षक बद्रीनाथ दिनकर, आरक्षक लोकेश साहू, देवानंद परतेती, चन्द्रशेखर यादव, कमल कुमार नेताम, महेन्द्र साहू, दिगंबर सिदार, दिनेश सोनी एवं सायबर सेल टीम राजनांदगांव के आरक्षक योगेश राठौर, मनीष वर्मा, परिवेश वर्मा, जीवन ठाकुर की भूमिका सराहनीय रहा है।

## पहला कॉलम...

### आज बौद्ध कल्याण समिति की आमसभा की बैठक

**विभिन्न विषयों पर होगी चर्चा**

राजनांदगांव (दावा)। बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर जयंती समारोह और अन्य विषयों पर विचार विमर्श के लिये बौद्ध कल्याण समिति, राजनांदगाँव की आमसभा की बैठक रविवार दिनांक 3 फरवरी को दोपहर 2:00 बजे रखी गयी है। आमसभा बैठक डॉ. अम्बेडकर भवन, सिविल लाईन राजनांदगाँव में होगी।

बैठक में आय-व्यय, वर्तमान समिति के आय-व्यय की जानकारी, सोशल आडिट, पूर्व समिति के आय-व्यय के सोशल आडिट की जानकार, डॉ. अम्बेडकर जयंती की विस्तृत रूपरेखा एवं समितियों का गठन, शिक्षा में आर्थिक सहयोग समिति (द्वितीय) हेतु विचार, सांची द्वार भवन में कई वर्षों से अधूरे प्रवेश द्वार को पूर्ण करने पर विचार एवं ओपन लाइब्रेरी आदि विषय पर चर्चा की जानी है। इस सबंध में बौद्ध कल्याण समिति के सचिव नीलेश रामटेके एवं सह सचिव विनोद श्रीरंगे द्वारा सभी पदाधिकारियों, शाखा अध्यक्षों, आजीवन सदस्यों और अन्य सभी सदस्यों को आम सभा की बैठक में सम्मिलित होने की अपील की गई है।

### स. दलजीत सिंग का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। स. दलजीत सिंग 'बब्बी' का शनिवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया है। अंतिम संस्कार हेतु शनिवार को शाम 5 बजे अंतिम यात्रा निज निवास बुधवारी पारा से छीरपानी मुक्तिधाम के लिए निकाली गई।

### फेकून बाई साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। लखोली वार्ड नंबर 35 नाई पारा निवासी श्रीमती फेकून बाई साहू पति बृजलाल साहू का 70 वर्ष की उम्र में अस्वस्थता के कारण आज शाम को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज दिनांक 3 मार्च रविवार, सुबह 11:00 बजे मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। नीलकंठ साहू, लक्ष्मण लाल साहू, तुलाराम साहू और कुलेश्वर साहू की माता जी थी।

## छत्तीसगढ़ में बढ़ने लगा तापमान, अब दिन में चुभने लगी धूप

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है और अब दोपहर की धूप चुभनी शुरू हो गई है। इसके साथ ही तापमान बढ़ने से रात में भी ठंडकता कम हो गई है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि शनिवार दो मार्च से मौसम का मिजाज बदलने के आसार हैं और बारिश का सिलसिला शुरू होगा। प्रदेशभर में गुरुवार को अंबिकापुर सबसे ठंडा रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

गुरुवार सुबह से ही रायपुर सहित प्रदेशभर का मौसम शुष्क रहा। कुछ क्षेत्रों में बादल छाने के साथ ही हल्की बारिश भी हुई। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि आने वाले चार से पांच दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा, लेकिन शनिवार से मौसम का मिजाज बदलने के आसार हैं। मौसम विभाग ने आगाह किया है कि अगले एक से दो दिनों में कुछ क्षेत्रों में बिजली गिरने के साथ ही बारिश भी होगी। 10 वर्षों बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि जनवरी और फरवरी माह में बहुत ही कम ठंड पड़ी है। रायपुर का न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री ज्यादा रहा। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में नमी की मात्रा की कमी हो गई है। इसके चलते शुक्रवार को मौसम शुष्क रहेगा।

## हाईस्कूल परीक्षा केंद्रों में डीएमसी टीम की दबिश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर के निर्देशन में छग माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं में नकल अथवा किसी प्रकार की गड़बड़ी रोकने तथा निर्विघ्न संपन्न कराने हेतु जिला स्तर पर चार उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है।



इसी तारतम्य में गठित दल क्रमांक 2 में प्रभारी अधिकारी सतीश ब्यौहरे जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा राजनांदगांव को नियुक्त किया गया है एवं सहायक अधिकारी के रूप में पी आर झाड़े सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, राजनांदगांव एवं दल के अन्य सदस्य मनीष कुमार सोनी व्याख्याता, श्रीमती स्वाति वर्मा व्याख्याता को दायित्व सौंपा गया है।

इस उड़नदस्ता दल द्वारा दिनांक 2 मार्च को आयोजित 10वीं की परीक्षा हिंदी विषय में कुल 5 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला हरदी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिंघोला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, धामनसरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुरगी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भर्रेगांव शामिल है। प्रभारी अधिकारी सतीश ब्यौहरे ने बताया कि भ्रमण एवं निरीक्षण के दौरान सभी पांचों केंद्रों में पर्यक्षक पंजी का सही संधारणन नहीं पाया गया, सिघोंला, हरदी स्कूल अभीरक्षा पंजी का संधारण सही नहीं था। शिक्षक एवं अधिकारी दर्पण को सही ढंग से लिखवाने हेतु निर्देशित किया गया। केंद्राध्यक्षों को उचित दिशा निर्देश दिया गया। उक्त सभी परीक्षा केन्द्रों में नकल प्रकरण एवं अनुचित साधन उपयोग के कोई भी प्रकरण नहीं पाये गये।

## रेंगाकठेरा स्कूल में न्योता-भोज का आयोजन

डोंगरगांव (दावा)। बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं में न्योता-भोज परंपरा की शुरुआत की गई है, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज व शालाओं के मध्य आपसी संबंध व तालमेल स्थापित करना है. इसी परंपरा की शुरुआत करते हुए विकासखंड डोंगरगांव के प्राथमिक व माध्यमिक शाला रेंगाकठेरा में दिनांक 29 फरवरी को ग्राम के वरिष्ठ नागरिक व साहित्यकार, पूर्व जनपद सदस्य राजीव यदु (स्वामी प्रेम अरुणोदयजी) के जन्मदिन के अवसर पर न्योता-भोज का आयोजन किया गया.




जिसके व्यवस्थापक शशांक साहू की व्यवस्था में स्कूल के मध्याहन भोजन के दैनिक मेनू में खीर-पूड़ी, छोले-आलू, टमाटर चटनी, पापड़, सलाद शामिल कराया गया। आज के इस न्योता-भोज आयोजन में क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य जागृति यदु, ग्राम सरपंच मयंक यदु, बीईओ आर.एल.पात्रे, एबीईओ जयंत साहू, रश्मि ठाकुर, विकासखंड स्रोत समन्वयक अरविंद रत्नाकर, मीडियाकर्मी टूम्मन साहू, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी व सदस्यगणों के द्वारा शाला के बच्चों को भोजन परोसा गया। अच्छे स्वास्थ्य व सेहत के लिए शुभकामनाएं दी गई व भविष्य में क्षेत्र में ऐसे आयोजन के लिए प्रेरित किए जाने की बात कही गई, शाला परिवार की ओर से माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक जयकुमार गजभिए, शिक्षकगण दयानंद निषाद, मोनिका ठाकुर, उमा निर्मल एवं प्राथमिक शाला की प्रधानपाठिका सत्यभामा पटेल, शशि ठाकुर, मीरा ठाकुर की उपस्थिति रही एवं आज के इस न्योता-भोज कार्यक्रम के आयोजन लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

## दिग्विजय कॉलेज में 5-6 मार्च को नारी विमर्श पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर के निर्देशन में हिंदी विभाग द्वारा 'वैश्विक परिप्रेक्ष्य में नारी विमर्श' विषय पर दो दिवसीय बहुविषयक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। सेमिनार के प्रथम दिवस 5 मार्च को उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि पद्मश्री उषा बारले, अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी गायिका होंगी।

विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री केशवेंद्र कुमार, आई.ए.एस. केरल कैडर, डॉ. बी. एन. मेश्राम, प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय डोंगरगांव, संजय अग्रवाल, कलेक्टर एवं अध्यक्ष, महाविद्यालय जनभागीदारी समिति होंगे। विषय विशेषज्ञ के रूप में जया जादवानी, राष्ट्रीय कथाकार, रायपुर, डॉ. श्वेता दीप्ति, प्राध्यापक त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू, नेपाल, डॉ. विवेकमणि त्रिपाठी, एसोसिएट प्राध्यापक क्वांगतोंग, विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, चीन एवं कैलाश बनवासी, राष्ट्रीय कथाकार, भिलाई उपस्थित रहेंगे। सेमिनार के द्वितीय दिवस 6 मार्च को समापन समारोह में जिला पंचायत राजनांदगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरुचि सिंह, मुख्य अतिथि होंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.अलीम अहमद खान, प्राध्यापक, हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर, मध्य प्रदेश एवं डॉ. सुमन बघेल, प्राचार्य, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव होंगी। समापन समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर करेंगे। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. नीलम जैन, विजिटिंग स्कॉलर यू. एस. ए. अमेरिका, श्री मृणाल शर्मा, साहित्यसेवी व इंजीनियर, सिडनी ऑस्ट्रेलिया, डॉ. राजन यादव, विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता कला संकाय, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ एवं डॉ. मधुलता बारा, विभागाध्यक्ष -हिंदी, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर उपस्थित रहेंगी। इस अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विद्वतजन प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित होंगे। यह जानकारी हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बी. एन. जागृत ने दी है।


**dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में**

रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

पारिवारिक संगीत प्रधान फिल्म

राजेश मारू प्राडक्शन कृत

**मांग सजा दे सजना**

(छत्तीसगढ़ी भाषा में)

कलाकार - जीत शर्मा, चेतन शर्मा, श्रेया पारकर, सृष्टि देवांगन, चन्द्रहास बघेल, नवीन देशमुख आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



**SILVER SCREEN Multiplex**

2nd March to 7th March 2024




Rakshanam (Hindi) - 12:00 and 03:00 pm

Operation Valentine (Hindi) - 12:30 pm

Dune Part Two (Hindi) - 06:30 and 09:30 pm

Crakk Jeetega Toh Jiyegaa - 06:00 pm

Article 370 - 03:30 and 09:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200


## फर्जी दस्तावेज से बैंक से ले लिए 17 लाख का आवास ऋण, महिला सहित तीन पर धोखाधड़ी का केस

**रायपुर। फर्जी दस्तावेजों के जरिए छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक पुरानी बस्ती शाखा से 17 लाख रुपये का आवास ऋण लेने का मामला सामने आया है।**

बैंक के शाखा प्रबंधक की शिकायत पर आजाद चौक थाना पुलिस ने मामले में एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध कायम कर लिया है। फिलहाल किसी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं की गई है।

आजाद चौक पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार राज्य ग्रामीण बैंक पुरानी बस्ती शाखा के प्रबंधक व ढेबर सिटी, भाटागांव निवासी दीपनारायण सिंह ठाकुर (34) ने शिकायत दर्ज कराया कि मुर्राभट्ठी, पार्वतीनगर (गुढियारी) निवासी क्रेता मेहताब अली ने मठपुरैना, गोकुल नगर में खसरा नंबर 235/2, 235/3 का नया परिवर्तित खसरा नंबर 235/6 पर भूतत पर निर्मित साधारण पक्का मकान को विक्रेता संतोषीनगर, कृष्णानगर की कमला देवी और चंदन ध्रुव का बताकर आवास ऋण लेने फर्जी दस्तावेज बैंक में पेश किए।

इस दौरान गलत मकान दिखाककर 24 फरवरी 2020 को आरोपितों ने 17 लाख रूपये का ऋण बैंक से स्वीकृत करा लिया। बाद में जब इसकी जांच हुई तब पता चला कि खसरा नंबर 235/6 का मालिकाना हक अभी भी विक्रेता के नाम पर है और यह खुली भूमि हैं। उस पर कोई मकान नहीं बना हुआ है। इस तरह से क्रेता मेहताब अली, विक्रेता कमला देवी और चंदन ध्रुव ने मकान की रजिस्ट्री कराते समय में दिखाये गए मकान की रजिस्ट्री न कराकर खाली जमीन की रजिस्ट्री करवा दी गई।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

450-9 178-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## कार्यालय नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक/1858/राजस्व/23-24 | **सार्वजनिक नीलामी सूचना** | राजनांदगांव दिनांक 29/02/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा मोतीपुर खेल मैदान व्यवसायिक परिसर की नीलामी आहूत की गई है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

01. खुली नीलामी दिनांक 14/03/2024 को दोप. 03.00 बजे से टाउन हाल सभागृह में की जावेगी।
02. आवेदन फार्म प्राप्ति दिनांक 29/02/2024 से दिनांक 14/03/2024 दोप. 12.00 बजे तक (आवेदन शुल्क 500.00 रू.)।
03. आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 14/03/2024 दोप. 12.00 बजे तक।

**मोतीपुर खेल मैदान व्यवसायिक परिसर**

| क्र | दुकान क्रमांक | दुकान का क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | आरक्षण की स्थिति | निर्धारित प्रीमियम | अमानती राशि 10 प्रतिशत | प्रति दुकान मासिक किराया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | GF-02 | 10.50 | विधवा व परित्यक्ता महिला | 128191.00 | 12820.00 | 513.00 |
| 18 | GF-18 | 10.50 | अनु. जनजाति | 128191.00 | 12820.00 | 513.00 |

नोट:- 1. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

2. आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3.आवेदक को प्रति दुकान हेतु पृथक-पृथक निर्धारित अमानत राशि नगद/बैंक ड्रॉफ्ट के माध्यम से (जो आयुक्त नगर पालिक निगम के पक्ष में देय होगा) जमा करना अनिवार्य है।

4. अन्य नियम व शर्ते राजस्व कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है।

आ. क्रं. 261/ जसं /24

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, राजनांदगांव**

# कोल घोटाले में विधायक देवेंद्र समेत कांग्रेसी नेताओं को कोर्ट से नहीं मिली राहत, जमानती वारंट जारी

रायपुर। कोयला घोटाला मामले में आरोपित बनाए गए भिलाई के कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को कोर्ट से राहत नहीं मिली। उनके खिलाफ जारी जमानती वारंट को लेकर शनिवार को विशेष न्यायालय में बहस हुई। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद न्यायाधीश ने देवेंद्र यादव की ओर से राहत देने पेश किए गए आवेदन को खारिज करने के साथ ही दूसरा वारंट जारी करने के निर्देश दिए।

वहीं, इसी मामले में कांग्रेस नेता आरपी सिंह, विनोद तिवारी के खिलाफ भी कोर्ट ने जमानती वारंट जारी किया है। गौरतलब है कि विधायक देवेंद्र यादव के लगातार कोर्ट में पेश नहीं होने पर तीन नोटिस के बाद जमानती वारंट जारी किया गया था। देवेंद्र यादव की ओर से उनके वकील ने हाईकोर्ट में केस की सुनवाई और विधायक होने के कारण व्यस्तता का हवाला देते हुए न्यायाधीश से कोर्ट में उनकी उपस्थिति के बजाय वकील या फिर वीडिया कांफ्रेसिंग के जरिये कोर्ट पेशी का निवेदन किया था, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।

### इन आरोपितों को 27 तक कोर्ट में हाजिर होने नोटिस

कोल घोटाले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायालय ने मामले के अन्य



आरोपित पूर्व विधायक चंद्रदेव राय, रंजनीकांत तिवारी, मनीष उपाध्याय, नवनीत तिवारी, नारायण साहू, पीयूष साहू, रोशन कुमार सिंह को दोबारा नोटिस जारी करते हुए सभी को 27 मार्च तक कोर्ट में हाजिर होने के निर्देश दिए हैं।

### दम्मानी की जमानत खारिज

महादेव सट्टा एप मामले में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद सुनील दम्मानी की जमानत याचिका पर शनिवार को विशेष न्यायालय में बहस हुई। इसके बाद न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने महादेव सट्टा एप मामले में हवाला के जरिये पैसा विदेश भेजने के मामले को बेहद संवेदनशील बताते हुए दूसरी जमानत याचिका भी खारिज कर दी।

### आज तलरेजा को लाएंगे रायपुर

महादेव सट्टा एप मामले में भोपाल में ईडी की गिरफ्त में आए मुख्य आपरेटर गिरीश तलरेजा को रायपुर लाकर कोर्ट में पेश करने के संबंध में ईडी के वकील डॉ. सौरभ पांडेय ने कहा कि भोपाल समेत कई अन्य जगहों पर ईडी की कार्रवाई अभी भी चल रही है। शनिवार को गिरीश तलरेजा को विशेष कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेने की चर्चा थी, लेकिन ईडी के अधिकारी देर शाम तक कोर्ट नहीं पहुंचे। गौरतलब है कि पूछताछ के दौरान एप के पैनल आपरेटर नीतीश दीवान ने गिरीश तलरेजा और रतनलाल जैन का नाम लिया था। इसके बाद ईडी ने दोनों के बैंक खाते की पूरी जानकारी खंगाली तो एप के संचालक शुभम सोनी के साथ करोड़ों रुपयों के ट्रांसजेक्शन का हिसाब-किताब मिला। इसके आधार पर ही शुक्रवार को भोपाल से गिरीश तलरेजा को हिरासत में ले लिया गया। वहीं, फरार रतनलाल जैन की तलाश की जा रही है।

## अब व्यापमं चपरासी, चौकीदार और सफाईकर्मी की भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित करेगा




रायपुर (दावा)। प्रदेश में प्रयोगशाला परिचारक, भृत्य, चौकीदार व स्वीपर की भर्ती उच्च शिक्षा विभाग की ओर कुछ महीने पहले आवेदन मंगाए गए थे। इन पदों के लिए 7 लाख से ज्याद फॉर्म आए हैं। राज्य में यह पहली बार है जब किसी भर्ती परीक्षा के लिए इतनी बड़ी संख्या में आवेदन मिले हैं। अब यह परीक्षा छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) से आयोजित की जाएगी। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग से प्रस्ताव भेजा गया है। इससे पहले, व्यापमं व पीएससी से हुई विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के लिए ढाई से तीन लाख तक आवेदन मिले हैं। जानकारों का कहना है कि उच्च शिक्षा विभाग की इस भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता पांचवीं से लेकर बारहवीं पास थी। वह भी प्रयोगशाला परिचारक के लिए ही 12वीं पास थी। अन्य तीनों पद के लिए पांचवीं पास होना जरूरी था। इसलिए बड़ी संख्या में आवेदन मिले हैं। उधर, उच्च शिक्षा विभाग से पिछले साल अक्टूबर में आवेदन मंगाए गए थे। तब यह कहा गया था कि चयन के लिए विभाग की ओर से परीक्षा आयोजित की जाएगी। विभाग को भी यह अंदाजा नहीं था कि इन पदों के लिए इतनी बड़ी संख्या में आवेदन आएंगे। अब परीक्षा के आयोजन के लिए लिए व्यापमं को प्रस्ताव भेजा गया है।

## बीजेपी नेता तिरुपति कटला को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई, नक्सलियों के हमले में हुई थी मौत, बीजेपी नेता ने केस में जांच की मांग की





बीजापुर। शुक्रवार को बीजापुर में नक्सलियों ने बीजेपी नेता तिरुपति कटला पर जानलेवा हमला किया. जिसमें उनकी मौत हो गई. नक्सलियों ने तोयनार में रात 9 बजे तिरुपति कटला पर चाकू और कुल्हाड़ी से वार कर दिया. नक्सलियों के इस हमले में तिरुपति कटला की मौत हो गई. शनिवार को दोपहर दो बजे बीजापुर मुक्तिधाम में तिरुपति कटला का अंतिम संस्कार किया गया.

तिरुपति कटला को दी गई अंतिम विदाई

बीजेपी नेता तिरुपति कटला की अंतिम विदाई कई राजनेता शामिल हुए. सभी ने नम आंखों से तिरुपति कटला को अंतिम विदाई दी. बीजेपी के पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, कांग्रेस विधायक विक्रम शाह मंडावी समेत कई बीजेपी कार्यकर्ता और नेता उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए. दोपहर दो बजे बीजापुर मुक्तिधाम में तिरुपति कटला का अंतिम संस्कार किया गया. बीजापुर में मंत्री केदार कश्यप ने बीजेपी नेता तिरुपति कतला के परिवार वालों से मुलाकात की है. उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना दोबारा न हो इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं.

पूर्व मंत्री और बीजेपी नेता महेश गागड़ा ने कहा कि हमने बहुत ही अनमोल मित्र और परिवार का सदस्य खोया है. परिवार के लोगों ने बताया कि उनके ऊपर हमले के बाद लाल सलाम और कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगाए गए.यह टारगेट किलिंग है और बीते दो तीन साल से टारगेट किलिंग कर बीजेपी के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है. यह राजनीतिक हत्या है और इसे नक्सली रूप देने की कोशिश की जा रही है. हम इस केस में एनआईए की जांच करवाने की मांग सरकार से मिलकर करेंगे. हमारा एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही जिला अध्यक्ष से मुलाकात करेगा. कांग्रेस नेताओं का नक्सलियों के संगम सदस्य से जो मित्रता हो रही है वह समझ में आ रहा है. हम इस केस में निष्पक्ष जांच की मांग करते हैं. लोकसभा चुनाव को लेकर डर पैदा करने की कोशिश की जा रही है।

### नक्ललियों की कायरना हरकत - डिप्टी सीएम विजय शर्मा

बीजेपी नेता तिरुपति कतला को छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा ने श्रद्धांजलि दी है. उन्होंने इसे नक्ललियों की कायरना हरकत करार दिया है. इससे पहले भी बीजापुर में हत्या हुई है. बीजेपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को टारगेट कर उनकी हत्या की जा रही है. सामने चुनाव है और नक्सलियों पर कार्रवाई हो रही है, जिससे नक्सली लोगों में डर पैदा करने के लिए ऐसा कर रहे हैं. नक्सली ऐसा इसलिए भी कर रहे हैं कि बीजेपी के कार्यकर्ता अंदरुनी इलाकों तक न पहंच पाए. यह बिल्कुल गलत है. विष्णुदेव साय की सरकार में बस्तर के कोने कोने तक विकास की गंगा जरूर पहुंचेगी और इस तरह की सभी बाधाओं को दूर किया जाएगा।

### आने वाले दिनों में बस्तर में होगी शांति

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि आने वाले दिनों में बस्तर में शांति होगी. नक्सलियों के लिए इस तरह की घटनाएं आसान है लेकिन इनको रोकना है. सुकमा में काम बढ़ा है तो यह बीजापुर की घटना सामने आ गई है. बस्तर के लोग विकास चाहते हैं, इसलिए इस तरह की घटनाओं को रोकना है. बस्तर के लोगों ने सीएम से मांग की है उनके इलाके में अस्पताल खोले जाए, आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाएं. हमारे खेत में पानी पहुंचाने का काम किया जाए और विकास का काम किया जाना चाहिए.

## आज साहू सदन में लाइब्रेरी का शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। समाज के प्रबुद्ध लोगों के लिए निशुल्क ग्रंथालय का शुभारंभ उद्घाटन आज 3 मार्च को शाम 5 बजे जिला चिकित्सालय के पास साहू सदन में होने जा रहा है यह जानकारी देते हुए भागवत साहू ने बताया कि इस उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल साहू होंगे। इस अवसर पर अधिक से अधिक सामाजिक जनों से उपस्थिति की अपील की गई है। उक्त जानकारी जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणि साहू ने दी है।

## राष्ट्रीय खेल में राजनादगांव को मिली सफलता से उत्साहित हुए खिलाड़ी- भंडारी




डोंगरगढ़(दावा)। राष्ट्रीय जुजुत्सु प्रतियोगिता 2023-24 देहरादून उत्तराखंड में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए टीम के कोच बाबूराव जनबंधु, राणा अजय सिंह के दिशानिर्देश में राजनांदगांव जिला संघ से 21 वर्ष से कम आयु में 56 किलोग्राम वजन समूह में अनुज दमानी ने फाइटिंग सिस्टम में रजत पदक प्राप्त किया। जतिन राहुल ने 56 किलोग्राम में कांटेक्ट फाइटिंग में रजत पदक प्राप्त किया पुरुष वर्ग में प्लस 94 वजन समूह में तरुण कुमार वरकडे ने रजत पदक प्राप्त किया। मास्टर्स में खेलते हुए तेजस राहुल ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

श्री भंडारी ने विजेता खिलाड़ियों को मिली सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा जिले में जुजुत्सु खेल को लेकर खिलाड़ियों में उत्साह का मौहाल है। खेल के प्रति खिलाड़ियों को भविष्य में संभावनाए दिख रही है।निश्चित तौर पर अगर खिलाड़ियों को उपयुक्त सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। जिससे और अधिक कुशलता से अपने अभ्यास के माध्यम से खेल को सुधार कर सकेंगे जिससे आने वाले समय मे और अधिक पदक हमारे जिले को मिल पाने की संभावना होगी।

## घने जंगल में सजी थी जुएं की महफिल, पुलिस ने घेराबंदी कर 17 जुआरियों को किया गिरफ्तार, कैश भी बरामद



बालोद (दावा)। बालोद जिले के घने जंगलों के बीच चल रहे जुएं के फड़ पर बालोद जिले की पुलिस ने दबिश दी है और जुआ खेल रहे 17 जुआरियों को घेराबंदी कर पकड़ा है। पूरे मामले में छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम 2022 3(2) के तहत कि गई कार्रवाई की गई है जिसमें कुछ आदतन जुआरी बताए जा रहे हैं। वहीं पूरे मामले में नकदी रकम 1,08,030 रुपये और 06 मोटरसायकल जिसकी कीमत 1,80,000 रुपए एवं 10 नग एण्ड्रायड मोबाईल जिसकी कीमत 50,000 रुपए बताई जा रही है इस तरह कुल 3,38,030 रूपये जब्त किया गया है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

सीताराम साहू पिता धीरपाल साहू उम्र 56 साल भोथली थाना संनौद जिला बालोद, राजू राम कुर्रे पिता छन्नू लाल कुर्रे उम्र 53 साल निपानी थाना बालोद, महेन्द्र कुमार महिपाल पिता मोहन लाल उम्र 36 साल बोरगहन थाना रनचिरई, अजित चंदेल पिता गणेश राम चंदेल उम्र 45 साल पलारी थाना सनींद, राममूर्ती ग्वाल पिता गिल्लू ग्वाल उम्र 56 साल लालबगीचा धमतरी, दिनेश सेन पिता मदन लाल सेन उम्र 30 साल कांजीहाउस के पास सुभाष नगर वार्ड के पास धमतरी, ढ़ालेन्द्र दास पिता रामकृष्ण दास उम्र 26 साल नयापारा वार्ड धमतरी थाना सिटीकोतवाली धमतरी, मोहम्मद जुबैर पिता अब्दुल गफ्फार उम्र 32 साल लालबगीचा धमतरी, टम्मन लाल मरकाम पिता पक्कूराम मरकाम उम्र 42 साल परसतराई थाना अर्जुनी जिला धमतरी, पुरूषोत्तम विश्वकर्मा पिता स्व. मोहन लाल विश्वकर्मा उम्र 34 साल लोहरसिंग थाना अर्जुनी, बृजभान जोशी पिता गरोबा राम जोशी उम्र 35 साल कोड़ेवा थाना अर्जुन्दा, श्रवण कुमार जांगड़े पिता छवीलाल जांगड़े उम्र 54 साल खेरूद थाना गुण्डरदेही, सुमेंन्द्र कुर्रे पिता उन्नूराम कुर्रे उम्र 49 साल आवासपारा निपानी थाना बालोद, लिलेश कुमार साहू पिता सोमनाथ साहू उम्र 34 साल बुंदनी चौकी कंवर थाना गुरूर, लखन साहू पिता सुखदेव साहू उम्र 55 साल खरशुली थाना अर्जुनी, आकाश जगताप पिता स्व. रविन्द्र राय जगताप उम्र 30 साल लोहरसिंग थाना अर्जुनी, केशराम साहू पिता तन्नू राम साहू उम्र 52 साल तितुरगहन थाना सनौद को गिरफ्तार किया है।

### गोरसा कट्टा के जंगल में लगा था दांव

पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिला था कि ग्राम भेजा मैदानी गोरसाकट्टा का जंगल जो की घने जंगल का एक।हिस्सा है वहां पर हुए का फड़ सजा हुआ है जहां पर थाना पुरूर और सायबरसेल बालोद प्रभारी जोगेन्द्र साहू, व सायबर की टीम के साथ ग्राम भेजामैदानी गोरसाकट्टा के जंगल में घेराबंदी करते हुए घुस गए और पाया कि लोगों की भीड़ लगी हुई है और पैसे के दाव लगाए जा रहे हैं जिसपर पुलिस को देख अफरातफरी मच गई और जुआ खेल रहे कुछ लोग भाग गये एवं मौके पर 17 लोगों को पकड़ा गया।

## चंचल गुप्ता ने राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग बेंचप्रेस एंड डेडलिफ्ट चैम्पियनशिप का खिताब जीता

राजनांदगांव (दावा)। विगत दिनों दुर्ग स्थित स्वामी विवेकानंद भवन में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग बेंचप्रेस एंड डेडलिफ्ट चैम्पियनशिप का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें राजनांदगांव संस्कारधानी की बेटियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर लोगों का ध्यान आकृष्ट कर तालियां बटोरी। इस राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में शहर की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें बसंतपुर वार्ड नं 46 स्थित भारत भवन राजनांदगांव निवासी चंचल गुप्ता ने उक्त टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 53 किलोमीटर ग्राम वर्ग एवं 35 किलोग्राम वर्ग वजन उठाकर, गोल्ड मेडल जीतने में कामयाब रही तो वहीं शील्ड हासिल करने में सफलता पाई और प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर शहर व जिले का गौरव बढ़ाया। 6वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग बेंचप्रेस एंड डेडलिफ्ट चैम्पियनशिप का आयोजन स्वामी विवेकानंद भवन दुर्ग में सम्पन्न इस स्पर्धा में पूरे छत्तीसगढ़ से चुनिंदा खिलाड़ियों को ही इसमें प्रवेश दिया गया था। जिसमें शहर की बिटिया चंचल गुप्ता ने कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल की है। स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर राजनांदगांव पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा ने (आईजी आफिस) में चंचल गुप्ता को अपने करकमलों से गोल्ड मेडल पहनाकर एवं चैम्पियनशिप का खिताब (शील्ड) भेंटकर व प्रशास्ति पत्र से देकर सम्मानित कर चंचल गुप्ता को उज्जवल भविष्य की कामनाएं दी। सनद रहे कि विगत दिनों जय भवानी व्यायाम शाला द्वारा राजनांदगांव स्थित वेसलियन स्कूल सभागार में आयोजित वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीती थी। वहीं प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने अपने हाथों से गोल्ड मेडल पहनाकर चंचल गुप्ता को सम्मानित किया गया था। गौरतलब हो कि चंचल गुप्ता महापौर परिषद के विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग के चेयरमेन, इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक 41 के पार्षद, एआईसीसी एसटी-एससी प्रकोष्ठ डोंगरगढ़ प्रभारी राजेश गुप्ता चंपू माता श्रीमती किर्ती गुप्ता की बिटिया है चंचल गुप्ता शुरू से ही पढ़ाई के अलावा खेल गतिविधियों से काफी सक्रियता से जुड़ी हुई है। चंचल गुप्ता की इस उपलब्धि पर प्रशिक्षक द्वय राकेश सिंह, अंजू सिंह सहित सभी शुभचिंतकों एवं मित्रों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।



आईजी दीपक झा ने गोल्ड मेडल पहनाकर किया सम्मान

## पुराने विवाद में युवक की हत्या के दोषियों को उम्रकैद की सजा

### पुलिस ने नाबालिग समेत 3 आरोपियों को किया था गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। शहर के शंकरपुर में हुई युवक की हत्या के मामले में दो दोषियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस ने हत्या के आरोप में नाबालिग सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुनाया है। घटना 21 सितंबर की रात 8.30 बजे हुई थी। शंकरपुर में रहने वाला भावेश मेश्राम उर्फ रिम्पी (23 वर्ष) शारदा चौक में खड़ा था। तभी पुराने विवाद को लेकर उस पर हर्ष वैष्णव उर्फ भुरु, गणेश वैष्णव उर्फ लल्लू सहित एक नाबालिग ने हमला कर दिया। पहले भावेश से जमकर मारपीट की, इसके बाद धारदार हथियार और रॉड से भावेश पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मौके पर बेसुध हो चुके भावेश को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचाया गया, लेकिन इसके पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। मामले की जांच कर रहे चिखली चौकी प्रभारी चेतन चंद्राकर ने आरोपी हर्ष और गणेश सहित नाबालिग को गिरफ्तार किया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया था। जिसकी सुनवाई विशेष न्यायालय में चल रही थी। सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने आरोपी हर्ष और गणेश को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से बेटियों के विवाह की चिंता हुई दूर, खर्च में भी हो रही बचत : मंत्री राजवाड़े

- सामूहिक कन्या विवाह में जिले के 177 बेटियों के हाथ हुए पीले नव दंपत्तियों ने भगवान राजीव लोचन मंदिर प्रांगण में लिए सात फेरे



राजिम (आरएनएस)। राजिम कुंभ कल्प मेला के दौरान राजीव लोचन मंदिर प्रांगण में आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। योजना अंतर्गत जिले के 177 बेटियों का विवाह सम्पन्न हुआ। सभी जोड़ों का धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल, राजिम विधायक रोहित साहू सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। राज्य शासन द्वारा योजना अंतर्गत 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता नव विवाहित जोड़ों को दी जाती है। सामूहिक विवाह में वधुओं को 21 हजार रूपये का चेक राशि सहित शेष राशि से श्रृंगार सामग्री, आलमारी, थाली 6 नग, कटोरी 6 नग, गिलास 6 नग, चम्मच 6 नग, पराट एक नग, लोटा एक नग, कुलर एक नग, पानी टंकी 1 नग, स्टील टिफिन बॉक्स एक नग, भगोना 1 नग उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। सामूहिक विवाह में छुरा, मैनपुर, फिंगेश्वर, गरियाबंद एवं देवभोग विकासखंड के नवयुवक - युवतियां जोड़े शादी के पवित्र बंधन में बंधे।

सामूहिक कन्या विवाह में मौजूद महिला एवं बाल विकास मंत्री राजवाड़े ने नवविवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सभी वर्गो के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शुरू किया गया था। योजना अंतर्गत जनवरी 2024 तक प्रदेष में कुल 1 लाख 14 हजार 750 जोड़ों को लाभान्वित किया गया है। समाज में वैवाहिक कार्यक्रमों में खर्च को रोकने के लिए यह योजना लाभदायक है तथा अन्य राज्य में भी इस योजना का संचालन छत्तीसगढ़ राज्य के तर्ज पर कर रहे हैं। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 50 हजार रूपये नव विवाहित जोड़ों को दिया जाता है। इससे विवाह के समय होने वाले खर्च और जरूरी तैयारियों की चिंता दूर हो गई। जिससे कमजोर एवं गरीब परिवारों के बेटियों के विवाह में होने वाले खर्च की भी बचत हो रही है। प्रधानमंत्री जी के गारंटी के तहत सभी विवाहितों के लिए महतारी वंदन योजना का शुभारंभ किया है, जिसमें अभी तक 70 लाख से महिलाओं का पंजीयन किया गया है। पात्र महिलाओं को इस योजना के माध्यम से प्रत्येक माह 1 हजार रुपये प्रदान किया जायेगा।

### विश्वास ही विवाह का आधार, समन्वय के साथ वैवाहिक जीवन बिताएं - मंत्री बघेल

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिले के प्रभारी एवं खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने नव दंपत्तियों को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विवाह का आधार विश्वास होता है। पति-पत्नी को एक-दूसरे पर विश्वास और समन्वयता के साथ वैवाहिक जीवन बिताना चाहिए। उन्होंने वर-वधुओं को एक-दूसरे का सम्मान करते हुए परिवारों का भी मान-सम्मान बनाये रखने के लिए प्रेरित किया।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से विवाह के खर्चो की फिक्र हुई दूर

सामूहिक कन्या विवाह के अंतर्गत विवाह करने आए नवदंपत्तियों ने बताया कि इस योजना के तहत शासन की ओर से की जाने वाली सहायता से विवाह में होने वाले खर्चो की फिक्र दूर हो गई है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत दिए जाने वाली सहायता राशि और शादी का खर्च शासन द्वारा निर्वहन करने से गरीब परिवारों के बेटियों की शादी की चिंता दूर हो गई है। सामूहिक कन्या विवाह में शामिल होने आये वर-वधुओं और उनके परिजनों ने शासन की इस योजना के लिए आभार जताया।

## अनमोल दावा

> फिर से प्रयास करने से कभी मत घबराना क्योंकि इस बार सुरुवात शून्य से नहीं अनुभव से होगी।

# पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने राम रहीम को बार-बार पैरोल देने पर उठाए सवाल

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जो नियम-कायदे अपवाद स्थितियों में लागू करने के लिए बनाए गए हैं, खुद सरकारें उनका दुरुपयोग करने से नहीं हिचकतीं। बलात्कार और हत्या के अपराध में जेल की सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को लेकर हरियाणा सरकार की इस उदारता का मतलब समझना मुश्किल है, कि क्यों उसे बार-बार पैरोल दिया जाता रहा है।

हरियाणा सरकार के इस रुख पर तीखे सवाल उठ रहे थे, मगर उसकी अनदेखी करते हुए राम रहीम को पैरोल पर बाहर जाने की छूट मिलती रही। गौरतलब है कि कुछ समय पहले राम रहीम को फिर पचास दिनों की पैरोल दी गई। पिछले वर्ष भी उसे दो बार लंबी अवधि के लिए छुट्टी मिली थी। करीब दस महीने में उसे सात बार और पिछले चार वर्षों में नौ बार पैरोल दी गई। इस तरह अब तक उसे करीब आठ महीने जेल से बाहर रहने का मौका मिल चुका है। अब शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने राम रहीम को बार-बार पैरोल देने को लेकर सवाल उठाए हैं और हरियाणा सरकार से कहा कि आगे वह अदालत की इजाजत के बिना राम रहीम को पैरोल न दे। हरियाणा सरकार की दलील है कि यह सुविधा नियमों के तहत दी गई। मगर सवाल है कि एक आपराधिक पृष्ठभूमि वाले और तीन मामलों में सजा पाए व्यक्ति की तरह और कितने अन्य लोगों को इसी आधार पर पैरोल दी गई है।

गौरतलब है कि पैरोल नियमों के तहत कैदियों को सीमित अवधि के लिए कुछ शर्तों के साथ जेल से बाहर जाने की इजाजत देना राज्य सरकारों के अधिकार-क्षेत्र में आता है। मगर किसी खास कैदी के लिए सरकार के इस हद तक उदार हो जाने के पीछे क्या वजह हो सकती है? क्या यह अपवाद जैसी स्थितियों में या मानवीय आधार पर किसी कैदी को राहत देने के लिए बनाए गए नियम का बेजा इस्तेमाल नहीं है? क्या इसे कानूनों के सहारे अलग-अलग कैदियों के साथ भेदभाव नहीं माना जाएगा? इस मसले पर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का हस्तक्षेप पैरोल जैसे नियमों में सख्त मानदंड बनाए जाने की जरूरत को रेखांकित करता है।

# आज विश्व श्रवण दिवस यानी वर्ल्ड हियरिंग डे-2024

राजनांदगांव (दावा)। यह प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को एक उद्देश्य के रूप में मनाया जाता है , ताकि लोगों का ध्यान आकर्षित किया जा सके, विश्व श्रवण दिवस यानी वर्ल्ड हियरिंग डे के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके। विश्व श्रवण दिवस पहली बार 2007 में अंतर्राष्ट्रीय कान देखभाल दिवस द्वारा दुनिया भर में मनाया गया था।

विश्व श्रवण दिवस (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विशेष विषय से संबंधित घटनाओं की कई किस्में बनाई गई हैं।

सुनने की क्षमता में कमी या बहरापन एक ऐसी स्थिति है, जहाँ व्यक्ति अपनी श्रवण-क्षमता यानी की सुनने की क्षमता खो देता है। अगर आपको भी इस प्रकार की समस्या हैं, तो आप अकेले नहीं हैं। ऐसे बहुत से लोग है जो इस समस्या से परेशान है.

सुनने की समस्या और बहरापन के आंकड़े -

ज्यादातर यह समस्या भारत में ही, देखने को मिलती है। हर साल दस लाख़ से अधिक मामले दर्ज किए जाते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में, इस आम स्वास्थ्य समस्या के 200,000 से अधिक मुद्दों को सालाना दर्ज किया जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में कहा गया है कि, विश्व की 5 प्रतिशत आबादी में सुनने की समस्या का आंशिक या पूर्ण रूप से नुकसान है। 65 वर्ष से ऊपर की आयु वर्ग के लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं। उनमें से ज्यादातर दक्षिण एशिया, एशिया प्रशांत और उप-सहारा अफ्रीका क्षेत्रों में हैं।

अगर कोई भी व्यक्ति एक या दोनों कानों से आवाज को सुनने में पूर्ण रूप से असमर्थ हो, तो इसे बहरापन या सुनने की समस्या कहा जाता है। यह एक आम समस्या है , पर यह समस्या समय के साथ बढ़ती ही चली जाती है ।




डॉक्टर बी.एल .तुलावी एम .एस .ईएनटी नोडल ऑफिसर एनपीपीसीडी ज़िला अस्तपताल राजनांदगाँव के अनुसार- सुनने की क्षमता में कमी के मुख्य कारण उम्र बढ़ना, जोरदार शोर के संपर्क में आने के कारण, आनुवंशिकता, हानिकारक या अन्य बिमारियों में दी जाने वाली दवा, बीमारियाँ, शराब या तंबाकू, कान का संक्रमण, शारीरिक आघात (चोट लगना), कुछ चिकित्सीय स्थितियां जैसे - उच्च रक्तचाप या मधुमेह आदि, शराब पीना या धूम्रपान करना, कैंसर के लिए उपयुक्त कीमोथेरेपी दवाओं के इस्तेमाल से होता हैं।

श्रीमती स्मिता महोबिया निदेशक ने कहा कि सीआरसी राजनांदगाँव में कान का श्रवण जाँच , एवं निःशुल्क श्रवण यंत्र हेतु मेडिकल बोर्ड प्रमाण पत्र , आधार कार्ड , आय प्रमाण पत्र, 2 पासपोर्ट फोटो जमा करने पर छत्तीसगढ़ के सभी दिव्याँगजन को एडिप योजना के द्वारा प्रदान किया जाता हैं

श्री पूनम आडियोलॉजिस्ट सीआरसी राजनांदगाँव ने बताया कि - श्रवण हानि के लक्षण निम्न प्रकार हो सकते हैं - भाषा और अन्य ध्वनियों का स्पष्ट रूप से सुनाई न देना। कानों का बार बार पकना , पानी बहना , दर्द । हमेशा कान में सिटी जैसे आवाज़ आना। चक्कर आना , कान भरा भरा लगना। टी.वी की ध्वनि या अन्य ध्वनियों को सुनने में समस्या का सामना करना। अक्सर दूसरों को धीरे-धीरे, या स्पष्ट रूप से अथवा जोर से बोलने के लिए कहना । शोर भरे वातावरण या सामाजिक सभा में सुनने में होने वाली कठिनाइयाँ। किसी के द्वारा आपके पीछे से या किसी अन्य कमरे से बुलाते हुए सुनने में कठिनाइयों का सामना करना।

गजेंद्र कुमार साहू ऑडियोलॉजिस्ट सीआरसी राजनांदगाँव (अध्यक्ष स्पीच एंड हियरिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़) ने बताया कि सुनने की समस्या का इलाज हेतु शोर से बचें, सुनने की शक्ति को सुरक्षित रखने वाले उपकरण पहनें, एक शांत प्रकृति वाले व्यक्ति बनें, मादक पदार्थों का सेवन न करें, कान को साफ़ रखे जिससे सुनने की समस्या से आजीवन बचा जा सकते हैं ।

तृषा सिन्हा एवं भावना पाली ऑडियोलॉजिस्ट ज़िला अस्तपताल , सीआरसी राजनांदगाँव ने बताया कि सुनने की क्षमता का परीक्षण आरसीआई पंजीकृत ऑडियोलॉजिस्ट से कराये अगर आपको सुनने में समस्या हो रही है तो आप ज़िला अस्तपताल के ईएनटी डॉक्टर से संपर्क करके अपनी समस्याओं को बताये , सुनने की क्षमता को बेहतर बनाने के लिए आप नियमित अंतराल पर आरसीआई पंजीकृत ऑडियोलॉजिस्ट से एवं सुनने की क्षमता परिक्षण कराएं। यदि आपका श्रवण-परीक्षण यह संकेत करता है कि, आपके कान में पहले से ही कुछ विकार है , तो आपको कान की मशीन की ज़रूरत है।

मेघा दूबे पुनर्वास अधिकारी सीआरसी राजनांदगाँव ने बताया कि विश्व श्रवण दिवस प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को बहरेपन और श्रवण हानि को रोकने के बारे में जागरूकता बढ़ाने और दुनिया भर में कान और श्रवण देखभाल को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जाता है। प्रत्येक वर्ष, WHO थीम तय करता है और साक्ष्य-आधारित वकालत सामग्री जैसे ब्रोशर, फ़्लायर्स, पोस्टर, बैनर, इन्फोग्राफिक्स और प्रस्तुतियाँ विकसित करता है। इन सामग्रियों को दुनिया भर में सरकार और नागरिक समाज के भागीदारों के साथ-साथ डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय और देश के कार्यालयों के साथ साझा किया जाता है। जिनेवा में अपने मुख्यालय में, WHO वार्षिक विश्व श्रवण दिवस कार्यक्रम आयोजित करता है। हाल के वर्षों में, सदस्य देशों और अन्य साझेदार एजेंसियों की बढ़ती संख्या अपने देशों में कई गतिविधियों और कार्यक्रमों की मेजबानी करके विश्व श्रवण दिवस में शामिल हुई है। WHO सभी हितधारकों को इस वैश्विक पहल में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है।इस वर्ष भी सीआरसी एवं ज़िला अस्तपताल राजनांदगाँव के द्वारा श्रवण दिवस पखवाड़ा में विभिन्न कार्यक्रम अलग अलग स्थानों में आयोजन एवं निःशुल्क श्रवण यंत्र का वितरण किया जाएगा ।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 83: स्वयंवर में सीता जी की प्रभु राम से पुनः भेंट

**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



अपने स्थान पर बैठने के बाद सीता जी की दृष्टि ज्योंही सामने की ओर गई, उन्हें मंच के समीप गुरु विश्वामित्र के साथ बैठे हुए राम और लक्ष्मण दोनों भाई दिखाई दिए। श्री राम और सीता जी की आंखें मिलीं। दोनों एक दूसरे को कुछ क्षणों के लिए देखते ही रह गए। श्री राम और सीता जी इस पूरे आयोजन में आकर्षण के केंद्र हैं और फिर वे एक दूसरे को बिना देखे कब तक रह सकते थे। दोनों की पवित्र आत्माएं कब तक संवाद रहित रहेंगी।कहा जाता है कि जो व्यक्ति अपनी रुचि और मन के अनुकूल है, उस तक हम पहुंच ही जाते हैं।श्री राम और जानकी जी के परिप्रेक्ष्य में प्रियजन से भेंट के सिद्धांत में एक गहरा आकर्षण और सम्मोहन है, जिसमें सांसारिकता के बदले आत्मा और परमात्मा के मिलन की तरह एक सहज और स्वाभाविक मेल है।

''वाह! ये तो हमारी मिथिला के राजकीय अतिथि प्रतीत होते हैं। मैंने उनके विषय में पिछले दो दिनों से कई बातें सुनी हैं। इनसे आमना-सामना भी हुआ है लेकिन कभी वार्तालाप का अवसर प्राप्त नहीं हुआ। अब ये मंच के पास विराजमान हैं, तो अवश्य पिताश्री ने इन्हें आमंत्रित किया होगा, पर अगर ऐसा है तो ये दोनों साधारण युवकों की तरह मिथिला के मुख्य मार्ग पर पैदल क्यों भ्रमण कर रहे थे? अगर ये कहीं के राजकुमार हैं तो वाटिका में सुबह-सुबह बिना सुरक्षाघेरे के पुष्प तोड़ने के लिए क्यों आए थे?''

सीता जी ने माता सुनयना से पूछा, ''वे मंच के पास पिताश्री के निकट में बैठे हुए महर्षि कौन हैं और उनके साथ ये दो युवक कहां से आए हैं?''

''वे महर्षि विश्वामित्र हैं और उनके साथ बैठे हुए वे दोनों अयोध्या नरेश राजा दशरथ के सुपुत्र राम और लक्ष्मण हैं।'' माता ने बेटी को स्नेह से देखते हुए बताया।

''पर यह नाम तो पहले नहीं सुना था कि उन्हें धनुष यज्ञ का बुलावा गया हो।'' सीता जी ने सहज जिज्ञासा प्रकट की।

''तो क्या हुआ सीता! वे अपने गुरु विश्वामित्र के साथ आए हैं। अब जहां गुरु, वहां शिष्य तो रहेंगे ही और उनके यहां पहुंचने के बाद तुम्हारे पिताश्री ने उन्हें विधिवत धनुष यज्ञ में गुरु के साथ आने के लिए निमंत्रण भी भेजा था।'' सुनयना ने कहा।

यह सुनकर सीता जी ने मन ही मन माता भवानी को धन्यवाद दिया।

''हे मां भवानी! तुमने मेरी प्रार्थना सुन ली। मैं तो बस उनके मिथिला में सुखद प्रवास की व्यवस्था के संबंध में चिंतित थी और आपने तो इन ज्येष्ठ राजकुमार को इससे भी बढ़कर रंगभूमि तक पहुंचा दिया। यह मेरी आप पर बहुत बड़ी कृपा है माता।''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में रामकथा का एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

# जय-जय वीणाकर धारी

ज्ञानदात्री सरस्वती, पाप बुद्धि नाशा,
वाल्मीकि था रत्नाकर डाकू
माता-सरस्वती ने दिया बुद्धि राशि
और बना वाल्मीकि भगवान
किया रामायण की रचना,
पाया आदि कवि की पदवी।
जिस वृक्ष पर चढ़े उसे काटे कालिदास,
पल्टा बुद्धि और बना प्रकाण्ड विद्वान,
होता है प्रतिवर्ष कालीदास समारोह
कृपा है मातु गदम्बा सरस्वती की
अनाथों की नाथ हैं, दीन दुःखी की करती ध्याना।
तुलसी और सूर ने पाया राम और कृष्ण की छाया,
मिला उन्हें प्रत्यक्ष दर्शन और मातु ने लिखवाया-
रामचरित मानस, सूरसागर
मन्थरा की बुद्धिफेरी, कैकेयी-दशरथ संवाद
मिला रामचंद्र को बनवास, सुर-नर-मुनि
थे सब दुखी।
मातु सरस्वती ने प्रभु से करवाया राक्षसों का नाश
और किया रावण वध, सीता ले अयोध्या वापस
मातुसूर्य कान्ति तब, अन्धकार मम सूर्य
डूबन से रक्षा करहू, परंरन मैं भव कूप।
बल-बुद्धि विद्या देहु मोही, सुनहु सर

– देवेन्द्र महोबे, खैरागढ़

## कविता

# बासंती दोहे

बासंती को देखकर, आम गये बौराय।
कोयल रगड़े गाल तब, फूल रहें मुस्काय।।
कलियों पर होने लगी, भौंरों की भरमार।
मौसम मीठा हो गया, पेड़ गिरायें लार।।
लंबे दिन के बाद जब, आती प्यारी रात।
दुल्हन सी सकुचा रही, पूरी न होती बात।।
मन का पंछी पूछता, कहां बनायें नीड़।
कविता प्यारी छोड़ती, नहीं हमारी पीड़।।
कितने गये बसंत पर, गई न मन की हूक।
प्यारे सुनता ही रहा, कोयल वाली कूक।।
मौसम 'गड़बड़' हो गया, यारों उसके साथ।
दिल की बातें क्या कहूं, नहीं बढ़ाई हाथ।।

– शंकर मुनि राय 'गड़बड़'
57-रिद्धि-सिद्धि कालोनी फेस-1
राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)
कानाफूसी- 9893863548




## शब्द सामर्थ्य -351

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 350 का हल**



## सू- दोकू क्र.351

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.350 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# कॉपी सबमिट करने से पहले इन बातों का रखें ध्यान



सबसे पहले तो छात्र-छात्राएं क्वैश्चन पेपर को ठीक तरह से पढ़ लें। समझ लें कि किस सेक्शन से कितने सवाल पूछे गए हैं। इसके साथ ही कितने नंबर के लिए कौन सा क्वैश्चन पूछा गया। इन सभी पहुलओं को जांचने के बाद ही पेपर करने की शुरुआत करें क्योंकि एक बार यह क्लीयर हो जाएगा कि किस सेक्शन से कितने सवाल करने हैं तो प्रश्न छूटने की गुंजाइश कम बचेगी।

बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर अंक पाने के लिए जरूरी है कि सभी प्रश्नों को सही सॉल्व किया जाए। इसके साथ-साथ यह समय पर पूरा किया जाए, क्योंकि कई बार स्टूडेंट्स के सामने यह भी समस्या आती है कि क्वैश्चन पेपर में सभी प्रश्न आने के बावजूद भी प्रश्न पत्र छूट जाता है। इसलिए स्टूडेंट्स को सलाह दी जाती है कि वे समय पर पेपर पूरा करें। इसके लिए जरूरी है कि छात्र-छात्राएं कुछ बातों का ध्यान रखें, जिससे उनका पेपर भी टाइम से पूरा हो पाएगा और कॉपी सबमिट करने से पहले एक बार अच्छी तरह से क्रॉस चेक भी कर पाएंगे कि कहीं उनका कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है।

**आइए इन बातों पर डालते हैं एक नजर।**

सबसे पहले तो छात्र-छात्राएं क्वैश्चन पेपर को ठीक तरह से पढ़ लें। समझ लें कि किस सेक्शन से कितने सवाल पूछे गए हैं। इसके साथ ही, कितने नंबर के लिए कौन सा क्वैश्चन पूछा गया। इन सभी पहुलओं को जांचने के बाद ही पेपर करने की शुरुआत करें, क्योंकि एक बार यह क्लीयर हो जाएगा कि किस सेक्शन से कितने सवाल करने हैं तो प्रश्न छूटने की गुंजाइश कम बचेगी।

कई बार स्टूडेंट्स पढ़ा हुआ प्रश्न आने के चलते बहुत ज्यादा एक्साइटेड हो जाते हैं। इस वजह से कई बार, वे एक आंसर को लिखने में ज्यादा समय लगा देते हैं। इसका नतीजा यह होता है कि एक क्वैश्चन पर ज्यादा समय खर्च करने पर उनका टाइम का मैनेजमेंट बिगड़ता है। इसलिए इस बात का ध्यान रखें और निर्धारित शब्दों में सही उत्तर दें।

अगर किसी सवाल का जवाब नहीं आ रहा है तो उस पर समय न बर्बाद करें, बल्कि आगे बढ़ें और उन क्वैश्चन पर फोकस करें, जिनके आंसर आपको बेहतर पता हैं। इससे भी आपका वक्त काफी बचेगा।

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन शानदार रहेगा। कामकाज में आप बहुत हद तक सफल हो सकते हैं। आज बेस्ट फ्रेंड से फोन पर आपकी लंबी बातचीत भी हो सकती है। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन कोई खास खबर मिल सकती है। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी बेहतर रहेगा। आपको माता-पिता का पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

**वृषभ** — आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। कामकाज में आपको सफलता मिलेगी। आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा। अगर आप किसी धार्मिक संस्थान से जुड़े हैं, तो आपको लाभ होगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है। आप किसी नये काम के बारे में सोच सकते हैं। आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा।

**मिथुन** — आज आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। आप किसी काम के लिए नई योजना भी बना सकते हैं। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। प्राइवेट नौकरी करने वालों को आज कोई नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। आप उसे पूरा करने में सफल भी होंगे। छात्र अपने मित्रों के साथ किसी सब्जेक्ट को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

**कर्क** — आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपका मन सामाजिक कार्यों की तरफ हो सकता है। साथ ही पड़ोसियों के बीच आपके किसी पुराने काम की तारीफ हो सकती है। आर्थिक लाभ के लिए आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। बच्चे भी आपने माता पिता से अपनी दिल की बात यर करेंगे।

**सिंह** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप किसी मंदिर में दर्शन के लिए जा सकते हैं। आपकी कोई इच्छा आज पूरी हो सकती है। कुछ लोगों से आपको शुभ काम में मदद मिल सकती है। रिश्तों में विश्वास बना रहेगा। जीवनसाथी से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आज अधिकारियों से मिला कॉम्प्लीमेंट आपके उत्साह को बढ़ा सकता है।

**कन्या** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आप किसी काम में बेस्ट परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया करेंगे। करियर के लिए आज का दिन मील का पत्थर साबित होगा। किसी काम के पूरे होने पर आपको प्रसन्नता होगी। साथ ही हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा। आपके काम में सीनियर्स का पूरा-पूरा योगदान रहेगा।

**तुला** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस में किसी जरुरी काम को पूरा करने के लिए पिछली कंपनी का अनुभव आपके काम आ सकता है। किसी नये व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको बचना चाहिए। साथ ही कोर्ट-कचहरी के मामलों से दूर रहना आपके लिए बेहतर रहेगा। अच्छे स्वास्थ्य के लिये एक्सरसाइज जारी रखनी चाहिए।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आप जिस भी काम को पूरा करना चाहेंगे, वो काम पूरा हो जायेगा। आप किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर पर जा सकते हैं। साथ ही शाम को आप कुछ घरेलू सामान खरीदने के लिए मार्केट भी जाएंगे। अधिकारी वर्ग आपके काम से प्रसन्न हो सकते हैं।

**धनु** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। आपका कॉन्फिडेंस लेवल भी बढ़ेगा। परिवार में सबके साथ बेहतर संबंध स्थापित होंगे। रिसर्च के कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने से पहले मित्रों से सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा पर जा सकते हैं।

**मकर** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको कुछ जरूरी कामों में दोस्तों की मदद मिल सकती है। साथ ही कई दिनों से अटका हुआ पैसा आपको वापस मिल सकता है। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम लेकर आ सकता है। साथ ही आपको किसी प्रतियोगी परीक्षा से रिलिटेड कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। कोई खास काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। शाम तक आपको कोई अन्य शुभ समाचार भी मिल सकता है, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जायेगा। समाज के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। आज आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे। लवमेट के साथ आपका दिन बेहतर गुजरेगा।

**मीन** — आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। पारिवारिक काम को पूरा करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई सहपाठी आपसे अपनी बात शेयर कर सकता है। आज आपको सबकी मदद करके चलना चाहिए। आगे आपको भी मदद की जरूरत पड़ सकती है। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन सामान्य रहेगा।

# महतारी वंदन योजना के आधार सीडिंग की प्रक्रिया के लिए रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे बैंक

रायपुर, 02 मार्च (आरएनएस)। निदेशक, संस्थागत वित्त निदेशालय छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों के खातों में आधार सीडिंग की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की गई। इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी की संयुक्त अध्यक्षता में एसएलबीसी संयोजक और सदस्य बैंकों के साथ महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों के बैंक खातों से आधार कार्ड को जोड़ने के मुद्दों पर चर्चा की गई।

**0 महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों के खातों की आधार सीडिंग प्रक्रिया में आएगी तेजी**
**0 महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी ने लाभार्थियों के आधार कार्ड लिंक करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के दिए निर्देश**




बैठक की शुरुआत में सचिव, महिला एवं बाल विकास श्रीमती शम्मी आबिदी ने छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों के खातों से आधार कार्ड लिंक करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिलों में स्टेट बैंक की शाखाएं आधार सीडिंग प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए जिला अधिकारियों के साथ सहयोग करें। उन्होंने एसएलबीसी संयोजक को निर्देश दिया कि वे अपनी शाखाओं को खातों की आधार सीडिंग को प्राथमिकता देने और कार्य को युद्ध स्तर पर पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करें। साथ ही उन्होंने कहा कि

उन्होने बैंक शाखाओं को शिविर आयोजित कर लैपटॉप के साथ सीएसपी/बैंक मित्र को बुलाकर लाभार्थियों के खातों को आधार से जोड़ने की बात कही ताकि आधार सीडिंग की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जिलों में स्थित बैंक शाखाओं को आधार सीडिंग की प्रक्रिया को प्राथमिकता देकर आगे बढ़ाना चाहिए। निदेशक, संस्थागत वित्त निदेशालय ने आधार सीडिंग प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग जिले में जल्द ही शिविर आयोजित किया जाएगा। सभी सदस्य बैंकों से आधार सीडिंग की प्रक्रिया को प्राथमिकता से आगे बढ़ाने का आग्रह किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि राज्य में सभी बैंकों की शाखाएं शेष खातों में आधार जोड़ने में सहायता करेंगी और समय पर कार्य पूरा करने के लिए बैंकों को निर्देश जारी करेंगी। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों की आधार सीडिंग के लिए रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में भी बैंक शाखाएं खुली रहेंगी।

# कलेक्टर ने पिपरीया के एफसीआई गोदाम स्थित स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के लिए आज खैरागढ़ पिपरीया स्थित एफसीआई गोदाम में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

उन्होने संपूर्ण स्थल के सुरक्षा के मद्देनजर बारीकी से निरीक्षण करते हुए लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया आरंभ होने के दौरान सामग्री वितरण, सामग्री मिलान, पार्किंग, स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग ललित वाल्टर तिर्की, जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, नायब तहसीलदार जालबांधा मोहन लाल झारिया एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने स्ट्रांग रूम परिसर में सीसीटीवी कैमरा, मतपेटी, ईव्हीएम वितरण केंद्र व मतगणना स्थल तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग, साफ-सफाई, विद्युत, अग्निरोधक यंत्र, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा मीडियाकर्मियों के लिए उचित स्थल का भी निर्धारण किया गया।

## पहला कॉलम...

### अज्ञात वाहन की ठोकर से दो गायों की मौत



हरदी (दावा)। जेवरतला डोंगरगांव मार्ग पर चेन्दरी बननवागांव में सड़क किनारे बैठे दो गाय को रात्रि में अज्ञात वाहन ने बुरी तरह रौंद दिया। मौके पर दोनों गायों की दर्दनाक मौत हो गई। एक गाय को वाहन ने 50 मीटर तक घसीटा गया है। सुबह होने पर ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई। सुबह 9 बजे तक मवेशी को नहीं हटाया गया था। जेवरतला रोड डोंगरगाँव मार्ग नवीन चौड़ीकरण होने से वाहनों की रफ्तार काफी बढ़ गई है, आये दिन इस मार्ग पर दुर्घटनाएं बढ़ गयी है। जगह जगह स्टापर लगाने से भी दुर्घटनाएं नहीं रुक रही हैं।

### श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का संगीतमय आयोजन खुर्सीपार में 7 मार्च तक

डोंगरगढ़(दावा)। समीपस्थ ग्राम खुर्सीपार में 28 फरवरी से 7 मार्च तक संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में किया जा रहा है। खामभाट के प्रसिद्ध कथा वाचक उमाकांत शर्मा एवं परायणकर्ता मनीष त्रिपाठी द्वारा कथा वाचन किया जा रहा है। 2 मार्च दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे से शाम 4:30 तक पंडित शर्मा द्वारा अजामिलो पख्यान प्रहलाद कथा गजेंद्र मोक्ष समुद्र मंथन की कथा का वर्णन किया गया था।

### कचारगढ़ मेले से गुम हुए बच्चे की तलाश में परिजन परेशान



डोंगरगढ़(दावा)। 17 वर्षीय जितेंद्र सोनबोइर के अचानक गायब हो जाने से परिजन परेशान है। परिजन के अनुसार गुम बालक का रंग काला है। उसकी लंबाई 5 फिट, कपड़ा पीला शर्ट और नीला पैंट पहने हुए है। गुम हुआ बालक दिनांक 20 फरवरी को कचारगढ़ दर्रेकसा महाराष्ट्र से लापता हैं। जो कि हिंदी और छत्तीसगढ़ी बोलना जानता हैं। बताया जा रहा है डोंगरगढ़ में भी उनके रिश्तेदार रहते है। गुम हुए बालक का पता ग्राम चाँद सूरज, पो. दर्रेकसा तह.-सालेकसा जिला गोंदिया महाराष्ट्र बताया गया है।

### अनुभाग अधिकारी एस.के.जैन के सेवानिवृत्ति पर दी गई भावपूर्ण विदाई



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के वरिष्ठ लेखाधिकारी कार्यालय में पदस्थ अनुभाग अधिकारी शांति कुमार जैन के सेवानिवृत्ति पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पारीनाला स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में सम्मान समारोह का आयोजन कर भावपूर्ण विदाई दी। श्री जैन ने मध्यप्रदेश विद्युत मंडल, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल एवं सीएसपीडीसीएल में 40 वर्षो तक अपनी सेवाएं दी। उन्हें स्मृति चिन्ह, उपहार एवं प्रमाण पत्र देकर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उपस्थित विद्युतकर्मियों ने श्री जैन के सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें समय के पांबद एवं कर्तव्यनिष्ठा अधिकारी के रूप में निरूपित किया। इस विदाई समारोह में शांति कुमार जैन ने अपने सेवाकाल का विवरण देते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सहयोग के लिए आभार जताया। इस अवसर पर लेखाधिकारी भावेश वाल्दे, श्रीमती ज्योति ध्रुव, अनुभाग अधिकारी श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, अमर लाल चौहान, आर.के. झारिया, एस.के. वर्मा, एम.के. साहू, श्रीमती विनिता खंडेलवाल, जे.पी. साहू, गणेश गढ़पायले, कृष्ण कुमार शर्मा, श्रीमती भारती यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

### मोहला में दिव्यांग बच्चों का हुआ स्पोर्ट्स इवेंट

मोहला (दावा)। समग्र शिक्षा के समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग विद्यार्थियों का स्पोर्ट्स इवेंट मोहला के ग्राम हेरकुटुम्ब में आयोजित हुआ। इस आयोजन में मोहला, मानपुर और अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों के दिव्यांग विद्यार्थियों ने अलग-अलग खेल विधाओं में अपना प्रदर्शन दिखाया। समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ हर प्रकार की शैक्षिक गतिविधियां कराए जाने की शासन का निर्देश है। जिसके तहत विभाग में समावेशी शिक्षा का संचालन किया जा रहा है।

# आज राजा फतेह सिंह खेल मैदान में आयोजित महारूद्राभिषेक की तैयारी पूर्ण




खैरागढ़ (दावा)। राजा फतेह सिंह खेल मैदान में आयोजित होने वाले 1008 पार्थिव शिवलिंग के महारूद्राभिषेक के लिए विशाल पंडाल लगाया गया है, इस आयोजन का यह 5 वर्ष है। पिछली बार इसी जगह पर आयोजित होने वाले महारूद्राभिषेक में खैरागढ़, छुईखदान, गंडई सहित राजनांदगांव, डोंगरगढ़, कवर्धा, रायपुर, दुर्ग-भिलाई के अलावा मप्र और महाराष्ट्र के शिवभक्त परिवारों ने भी बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर शिव के पार्थिव शिवलिंग के रूद्राभिषेक के साक्षी बने थे। पिछले साल की सफलता को देखते इस बार भी श्रीराम गौ सेवा समिति खैरागढ़, जय जगन्नाथ सेवा समिति छुईखदान, राजपरिवार दुर्गाउत्सव समिति खैरागढ़, गोपीनाथ मंदिर समिति, दुर्गा मानस मंडली छुईखदान और योग समिति छुईखदान सहित सहयोगी संस्थाओं द्वारा इस पुनीत आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान करने तैयारी चल रही है।

पार्थिव शिवलिंगों के रूद्राभिषेक के लिए शिवभक्तों की तैयारी भी पूरी हो चुकी है। राजा फतेह सिंह खेल मैदान में आयोजित होने वाले इस भव्य रूद्राभिषेक के दौरान पूरी संगीत नगरी शिवमय हो इसके लिए आयोजनकर्ता कड़ी मेहनत कर रहे है, जिसके लिए नगर में जगह-जगह तैयारियाँ की जा रही है। रूद्राभिषेक कार्यक्रम 3 मार्च को शाम 5 बजे से शुरू होगा। इस दौरान सामूहिक संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ, एक साथ मंत्रोचारण के साथ रूद्राभिषेक, सामूहिक महामृत्युंजय जाप, शिव भजन, बनारस की तर्ज पर महाआरती और भोग भंडारा आयोजित होगा।

छुईखदान का कुम्हार परिवार 1008 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर रहा है। परिवार के सभी सदस्य इसके लिए माह भर से अधिक समय से शिवलिंग निर्माण की तैयारी में जुटे हैं। आयोजन के लिए एसडीएम कार्यालय प्रांगण सहित बस स्टैण्ड में पार्किंग व्यवस्था बनाई गई है।

# महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर तैयारी शुरू

**एसडीएम ने ट्रस्ट के अध्यक्ष व पदाधिकारीयों के साथ स्थल निरक्षण किया**



डोंगरगढ़ (दावा)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर तीन दिवसीय महोत्सव (मेला) का आयोजन किया जा रहा है। ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने महाशिवरात्रि महोत्सव (मेला) के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि महाशिवरात्रि महोत्सव के प्रथम आयोजन को लेकर डोंगरगढ़ एवं ग्रामीण अंचल के धर्मप्रेमियों में उत्साह का वातावरण है।

तीन दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन 6 मार्च को गोंदिया के सुप्रसिद्ध गायक जोड़ी अरूण राकेश द्वारा जगराता एवं जबलपुर के कलाकारों द्वारा झांकी प्रस्तुत किया जाएगा। 7 मार्च को छग के सुप्रसिद्ध जसगीत गायक दुकालू यादव द्वारा जसगीत व भजन की प्रस्तुति की जायेगी एवं 8 मार्च महाशिवरात्रि पर्व के दिन छग की सुप्रसिद्ध लोक गायिका अलका चंद्राकर द्वारा भजनों एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति की जायेगी।

मेले जैसा आयोजन

शिवरात्रि पर्व के दौरान भक्तजनों के मनोरंजन के लिए बच्चों के लिए झूला के साथ मेले जैसी अन्य व्यवस्थाएं भी की जा रही है। महाशिवरात्रि महोत्सव के आयोजन की तैयारी के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गिरीश रामटेके द्वारा ट्रस्ट समिति के पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक कर मेला ग्राउंड निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष द्वय अनिल गट्टानी व संजय श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश मिश्रा मंत्री महेंद्र परिहार सहमंत्री बबलू शांडिल्य पिताम्बर स्वामी प्रकाश बिंदल संजीव गोमास्ता अजय ठाकुर सहित समस्त प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंजीयन, नवीनीकरण एवं अतिरिक्त योग्यता दर्ज करने के लिए नवीन ई-रोजगार पोर्टल

राजनांदगांव (दावा)। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर द्वारा नवीन ई-रोजगार पोर्टल शुरू किया गया है। रोजगार कार्यालय के पुराने पोर्टल में जो आवेदन पंजीकृत है, उन्हें पंजीयन, नवीनीकरण एवं अतिरिक्त योग्यता दर्ज करने के लिए नवीन ई-रोजगार पोर्टल का उपयोग करना होगा।

उप संचालक रोजगार एसव्ही राजौरिया ने बताया कि यदि आवेदक पूर्व से ही प्रदेश के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पंजीकृत है, तो दोबारा नया पंजीयन नहीं करें। यदि वह अपने पंजीयन में किसी प्रकार का अद्यतन अथवा नवीनीकरण करना चाहता है, तो अपना पुराना पंजीयन क्रमांक डालकर आगे बढ़े। यदि आवेदक प्रदेश के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पूर्व में पंजीकृत नहीं है, तो नया पंजीयन बटन पर क्लिक करें। आवेदक पोर्टल में पंजीयन हेतु अपना मोबाईल नंबर दर्ज कर मोबाईल ओटीपी भेजें बटन पर क्लिक करें। इसके पश्चात मोबाईल पर प्राप्त ओटीपी की एंट्री कर मोबाईल ओटीपी सत्यापित करें बटन पर क्लिक करें। मोबाईल ओटीपी सत्यापित होने के पश्चात् आधार नंबर एवं आधार के अनुसार अंग्रेजी में अपना नाम दर्ज करें। आधार प्रमाणीकरण हेतु सहमति देवें, तदुपरान्त आधार ओटीपी भेजें बटन पर क्लिक करें। आधार में दर्ज मोबाईल नंबर पर प्राप्त आधार ओटीपी की एंट्री कर आधार ओटीपी सत्यापित करें बटन पर क्लिक करें। अन्य वांछित जानकारी भरकर सुरक्षित करें बटन पर क्लिक करें। इसके पश्चात् आवेदक को नया पंजीयन क्रमांक प्राप्त होगा एवं आवेदक के मोबाईल पर ई-रोजगार पोर्टल पर लॉग-इन करने हेतु यूजर आईडी (आवेदक का रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर) एवं पासवर्ड प्राप्त होगा।

ई-रोजगार पोर्टल https://erojgar.cg.gov.in पर लॉग-इन करने हेतु जॉब सीकर लॉग- इन पर क्लिक कर मोबाईल नंबर पर प्राप्त यूजर आईडी (आवेदक का रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर),पासवर्ड एवं कैपचा कोड की एंट्री कर लॉग इन पर क्लिक करना है। लॉग-इन के पश्चात् आवेदक को अपना डैशबोर्ड दिखाई देगा, जिसमे आवेदक अपना पंजीयन पहचान-पत्र (एक्स-10) कभी भी कहीं से भी प्रिंट कर प्राप्त कर सकता है। इस पहचान पत्र पर जिला रोजगार अधिकारी के हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं होगी।

आवेदक पोर्टल पर अपना लॉग इन करके अपनी जानकारी केवल एक ही बार सुधार सकते है। जिसमें से आधार नंबर, मोबाइल नंबर, नाम एवं जन्मतिथि में परिवर्तन नहीं किया जा सकता। यदि आवेदक को अपना नाम या जन्मतिथि सुधरवाना है,तो सम्बंधित जिला रोजगार कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। रोजगार कार्यालय भी एक बार ही किसी आवेदक के पंजीयन में सुधार कर सकते हैं। यदि त्रुटिवश रोजगार कार्यालय द्वारा एक बार में ही सभी आवश्यक सुधार नहीं किये जा सके, तो रोजगार कार्यालय को संचालनालय स्तर पर अनुरोध करना होगा। रोजगार कार्यालय पुराने पोर्टल में पंजीकृत आवेदकों की जानकारी अपडेट करने के पहले ये सुनिश्चित कर लें कि उस आवेदक का नवीनीकरण इस माह में नहीं किया जाना है। यदि आवेदक का नवीनीकरण इस माह में अथवा पिछले दो माह में लंबित है, तो उस आवेदक के लिए नवीनीकरण के विकल्प का चयन करें। यदि पंजीकृत आवेदक अपना पासवर्ड भूल गया हो, तो उसे वेब पोर्टल https://erojgar.cg.gov.in पर जाकर जॉब सीकर लॉग इन पर क्लिक कर फारगेट पासवर्ड पर जाना होगा। तत्पश्चात् उसे अपने रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर (यूजर आईडी) पर ओटीपी प्राप्त कर नया पासवर्ड बना सकते हैं।

# नेहरू महाविद्यालय में प्रारंभ हुई विश्वविद्यालयीन परीक्षा




डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में वार्षिक परीक्षा सत्र 2023-24, 1 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। जिसके अंतर्गत विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के नियमित एवं महाविद्यालयीन, पूरक एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों की परीक्षाएं तीन पालियों में संचालित की जा रही है। प्रथम पाली विज्ञान संकाय की परीक्षा सुबह 7 से 10 तक, द्वितीय पाली वाणिज्य संकाय की परीक्षा समय 11 से 2 बजे तक एवं तृतीय पाली में कला संकाय की परीक्षा समय दोपहर 3से 6 बजे तक बजे तक संचालित हो रही है।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ई. वी. रेवती ने बताया कि प्रथम पाली में स्नातक के 556, स्नातकोत्तर के 520 विद्यार्थी, द्वितीय पाली में वाणिज्य स्नातक के कुल विद्यार्थियों की संख्या 407 एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की संख्या 290 तथा अंतिम तृतीय पाली कला संकाय के 690 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित है। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग परीक्षा संबंधित दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करने हेतु विद्यार्थियों को निर्देशित किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से आधा घंटा पूर्व उपस्थित होने एवं मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, स्मार्ट वॉच इत्यादि आपत्तिजनक वस्तुएं नही लाने के संबंध में सख्त निर्देश दिया गया।

# छुरिया मंडल भाजपा किसान मोर्चा की आवश्यक बैठक संपन्न



छुरिया(दावा)। अतिथि गृह छुरिया मे भाजपा किसान मोर्चा के आगामी कार्यक्रम ग्राम परिक्रमा यात्रा हेतु प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के निर्देश पर जिला अध्यक्ष हीरेन्द्र साहू जिला किसान मोर्चा के आह्वान पर मंडल भाजपा किसान मोर्चा की आवश्यक बैठक रखी गई जिसमें प्रमुख रूप से जिला भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष गिरवर साहू (प्रभारी) एवं मंडल भाजपा के अध्यक्ष अजय पटेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। गिरवर साहू बैठक को सम्बोधित करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रख कर गांव परिक्रमा यात्रा के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं को प्रत्येक गांव के किसानों तक पहुंच कर मोदी सरकार की किसानों को समर्पित योजनाओं की जानकारी पहुंचने और मोदी की गारंटी के तहत इक्कीस क्विंटल धान खरीदी और आगामी 12 मार्च को धान की अंतर राशि एकमुस्त किसानों के खाता में आएगी, इसे हर गांव के किसानों तक पहुंचाने की बात कही अपने अध्यक्षता उदबोधन मे मंडल अध्यक्ष अजय पटेल ने कहा की हमारी सरकार किसान हितैषी सरकार है सबसे ज्यादा किसानों के हित के बारे मे सोचने वाली अगर कोई पार्टी है तो वो है भाजपा।

इस बैठक मे मंडल भाजपा महामत्री संजय सिन्हा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुकृत साहू की राजेश्वर ध्रुवे, कामता प्रसाद साहू, भूखन धनकर, राजकुमार सिन्हा, लेखराम निर्मलकर, नूतन साहू, श्यामसुंदर साहू, प्रिंस भटिया, शीशपाल साहू, दुधे साहू, दुर्जनपुरी गोस्वामी सहित बड़ी संख्या मे किसान मोर्चा व भाजपा के कार्यकर्ता गण उपस्थित हुवे।

# दिग्विजय महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। शा. दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। जो प्रतिवर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियाँ है। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ मोहन पटेल ,स्टेट फोरेंशिक साइंस लेबोरेटरी, रायपुर से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में भौतिक शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पी बी टांक ने बताया प्रसिद्ध भौतिक शास्त्री डॉ. सी वी रमन ने रमन प्रकीर्णन की खोज की। जिसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार भी मिला। रमन प्रभाव की खोज के लिए प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल टांडेकर ने अपने उद्बोधन में विज्ञान की विशेषताओं के विषय तथा छात्र-छात्राओं को विकसित भारत हेतु उनके कर्तव्यों के बारे में अवगत कराया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि डॉ मोहन पटेल ने विकसित भारत के विकास के लिए हमारी स्वदेशी तकनीकी किस प्रकार उपयोगी है तथा इनके सतत विकास से भारत विकसित देशों की श्रेणी में आ सकता है।



इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के गणित विषय के प्राध्यापक डॉ के.के. देवांगन उपस्थित रहे उन्होंने भी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एमएससी भौतिक शास्त्र के विद्यार्थी रोशनदास ने तथा अतिथि व्याख्यात रेशमा चंद्राकर ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम उन्होंने स्वदेशी एयरक्राफ्ट तेजस, इसरो नेविगेशन सिस्टम (आईएनएस), चंद्रयान 3 के विषय पर विस्तृत चर्चा की तथा स्नातकोत्तर परिषद द्वारा क्विज तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया। कार्यक्रम का संचालन भौतिक शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. एस.के. पटेल ने तथा धन्यवाद ज्ञापन एल.पी. उर्वशा ने किया।

# पहला कॉलम...

## मल्टी डे महिला टूर्नामेंट का बीसीसीआई करेगा आयोजन : रिपोर्ट

नई दिल्ली। भारत में क्रिकेट खेल नहीं, जुनून है। यहां फैंस को फर्क नहीं पड़ता कि क्रिकेट के कौन से फॉर्मेट का मैच खेला जा रहा है। हालांकि, ये जुनून महिला क्रिकेट के मामले में थोड़ा ठंडा पड़ जाता है, लेकिन बीते कुछ साल में महिला क्रिकेटरों ने फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा है। यही वजह है कि बीसीसीआई महिला प्रीमियर लीग के बढ़ते क्रेज के बीच अब महिल रेड-बॉल टूर्नामेंट आयोजित करने पर भी विचार कर रहा है। पिछले कुछ सालों में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जितनी तरक्की की है उसका कोई जवाब नहीं। डब्ल्यूपीएल 2024 के बीच खबर आ रही है कि बीसीसीआई ने एक बहु-दिवसीय प्रतियोगिता आयोजित कर देश में महिला रेड-बॉल क्रिकेट शुरू करने की योजना तैयार की है। अगर ऐसा होता है तो भारतीय महिला क्रिकेट के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि हो सकती है। बताया जा रहा है कि यह टूर्नामेंट मौजूदा महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल 2024) के तुरंत बाद आयोजित होने वाला है, जो 17 मार्च को समाप्त होगा।

## कैमरन ग्रीन और जोश हेजलवुड की जोड़ी ने टेस्ट क्रिकेट में रचा इतिहास

वेलिंग्टन। कैमरून ग्रीन और जोश हेजलवुड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की ओर से 10वें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी कर इतिहास रच दिया। ग्रीन-हेजलवुड की जोड़ी ने वेलिंगटन टेस्ट के दूसरे दिन 10वें विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी की। कैमरून ग्रीन और जोश हेजलवुड की जोड़ी ने 2004 में ब्रिस्बेवन में न्यूजीलैंड के खिलाफ 10वें विकेट के लिए जेसन गिलेस्पीक और ग्ले6न मैक्ग्रा द्वारा की गई 114 रन की साझेदारी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। यह स्टैंड टेस्ट क्रिकेट में 10वें विकेट के लिए ऑस्ट्रेलिया का छठा 100 रन या उससे अधिक साझेदारी थी। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के डिफेंडिंग चैंपियन की शुरुआत इस मैच में ज्यादा अच्छी नहीं रही लेकिन टीम ने अपनी पहली पारी में कुल 383 रन का स्कोर खड़ा किया।

## डोपिंग टेस्ट में फेल हुए पॉल पोग्बा, लगा चार साल का बैन

नई दिल्ली। विश्व कप विजेता और मैनचेस्टर यूनाइटेड के पूर्व मिडफील्डर पॉल पोग्बा को डोप टेस्ट में फेल होने के बाद फुटबॉल से चार साल के लिए बैन कर दिया गया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के पूर्व महासचिव शाजी प्रभाकरन ने एक्स पर यह खबर शेयर की है।

उन्होंने लिखा, पॉल पोग्बा को डोपिंग टेस्ट में फेल होने के बाद चार साल के लिए फुटबॉल से निलंबित कर दिया गया है। पोग्बा को शुरू में असफल परीक्षण के बाद सितंबर में नाडो (इतालवी डोपिंग रोधी संगठन) द्वारा अस्थायी निलंबन सौंपा गया था। प्रतिबंध का मतलब है कि पोग्बा, जिन्होंने 2018 में फ्रांस के लिए फीफा विश्व कप जीता था, अब जब वापसी करेंगे तब तक संभावित रूप से 33 वर्ष के हो सकते हैं। फिलहाल,2026 तक पॉल पोग्बा का कॉन्ट्रैक्ट जुवेंटस के साथ है। माना जा रहा है कि वो शायद अब इस टीम के लिए फिर कभी नहीं खेलें। इटालियन क्लब के साथ उनका दूसरा कार्यकाल बहुत बुरा रहा है।

## शेयर बाजार में तूफानी तेजी, निवेशकों ने की 4.29 लाख करोड़ से अधिक की कमाई

मुंबई। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था के अनुमानों से बेहतर प्रदर्शन करने के साथ ही देश में सेमीकंडक्टर के विनिर्माण के लिए 1.26 लाख करोड़ रुपये निवेश वाली तीन इकाइयों को मंजूरी मिलने और वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के बल पर हुयी लिवाली से शेयर बाजार में आज तूफानी तेजी रही जिससे बीएसई 74 हजार अंक की ओर लपक गया। इस दौरान आयी तेजी से निवेशकों को 4.29 लाख करोड़ रुपये से अधिक कमाई हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1245.05 अंकों की उछाल लेकर 74 हजार अंक की ओर लपकते हुये 73745.35 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 355.95 अंक की तेजी लेकर 22338.75 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तुलना में छोटी और मझौली कंपनियों में लिवाली कुछ सुस्त रही जिससे बीएसई का मिडकैप 0.89 प्रतिशत बढ़कर 39696.49 अंक पर और स्मॉलकैप 0.68 प्रतिशत उठकर 45532.46 अंक पर रहा। आज की तेजी से बीएसई का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 39225029.98 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जो पिछले दिवस के 38795690.23 करोड़ रुपये की तुलना में 429339.75 करोड़ रुपये अधिक है। इस तरह से निवेशकों ने 4.29 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रहा है जिससे चालू वित्त वर्ष में जीएसटी के अब 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया गया।

# मुंबई इंडियंस 7 विकेट से जीती, टीम पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंची

बेंगलुरु। मुंबई इंडियंस ने शनिवार को डब्ल्यूपीएल-2 के 9वें लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 7 विकेट से हरा दिया। बेंगलुरु की इस सीजन में यह लगातार दूसरी हार है।

बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। बेंगलुरु ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 131 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 15.1 ओवर में 3 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया। मुंबई के लिए अमेलिया केर ने 24 बॉल में नाबाद 40 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। उन्हें इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ दमैच चुना गया।



### बेंगलुरु की तरफ से पेरी टॉप स्कोरर

टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने छह विकेट खोकर 131 रन बनाए और मुंबई इंडियन को 132 रन का टारगेट दिया। टीम के लिए एलिस पेरी ने सबसे ज्यादा नाबाद 44 रन की पारी खेली। उनके अलावा जॉर्जिया वेयरहम ने 27 रन का अहम योगदान दिया। वहीं सोफी मोलेनिक्स 12 और सब्बिनेनी मेघना ने 11 रन बनाए। बेंगलुरु की तरफ से एलिस पेरी और जॉर्जिया वेयरहम के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप हुई। दोनों ने छठे विकेट के लिए 52 रन जोड़े। बेंगलुरु की तरफ से यह इस मैच की सबसे बड़ी साझेदारी रही।

### वस्त्राकर और ब्रंट ने 2-2 विकेट लिए

मुंबई की तरफ से पूजा वस्त्राकर और नेटली सीवर-ब्रंट ने 2-2 विकेट लिए। इसाबेल वॉन्ग और साइका इशाक को एक-एक सफलता मिली।

### केर ने मैच विनिंग इनिंग खेली

बेंगलुरु से मिले 132 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत शानदार रही। टीम के दोनों ओपनर हेली मैथ्यूज और यास्तिका भाटिया ने पहले विकेट के लिए 45 रन जोड़े, और टीम को ठोस शुरुआत दिलाई। टीम को पहला झटका यास्तिका के रूप में लगा। वह 31 रन बनाकर आउट हुईं। दूसरा विकेट हेली मैथ्यूज (26) और तीसरा नेटली सीवर-ब्रंट (27) के रूप में लगा। चौथे नंबर पर बैटिंग करने उतरी अमेलिया केर ने नाबाद 40 रन बनाए। पूजा वस्त्राकर ने 6 बॉल पर नॉटआउट 8 रन बनाए।

मुंबई की रेगुलगर कप्तान हरमनप्रीत कौर अनफिट होने की वजह से प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं रहीं। उनकी गैरमौजूदगी में नेटली सीवर-ब्रंट ने टीम की कमान संभाली। बेंगलुरु की तरफ से जॉर्जिया वेयरहम, सोफी डिवाइन और श्रेयंका पाटिल ने एक-एक विकेट लिए।

### टेबल में टॉप पर पहुंची मुंबई

बेंगलुरु के ख़िआलफ जीत के बाद मुंबई इंडियंस टीम पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर आ गई है। उसके 4 मैच के बाद 3 जीत के साथ 4 पॉइंट्स हो गए। आज के मैच से पहले टीम चौथे नंबर पर थी। गुजरात जीरो पॉइंट्स के साथ आखिरी स्थान पर है।

## आईपीएल 2024 के लिए सीएसके का ट्रेनिंग कैंप शुरू-दीपक चाहर सहित आधा दर्जन क्रिकेट जुड़े; धोनी की पुष्टि नहीं

चेन्नई। डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के मौजूदा सीजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। यहां चेपॉक स्टेडियम में शनिवार को फ्रेंचाइजी का ट्रेनिंग कैंप शुरू हो गया। तेज गेंदबाज दीपक चाहर सहित आधा दर्जन प्लेयर्स इस कैंप का हिस्सा हैं, जबकि ऋतुराज गायकवाड चेन्नई पहुंच चुके हैं, हालांकि, टीम के कप्तान एमएस धोनी के शामिल होने की पुष्टि नहीं हो सकी है। धोनी एक दिन पहले जामनगर में साक्षी के साथ मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में देखा गया था।



तमिलनाडु क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने बताया- स्थानीय (भारतीय) खिलाड़ियों का पहला जत्था शुक्रवार को यहां पहुंच गया है। अगले कुछ दिनों में और खिलाड़ियों के आने की उम्मीद है। टीम 22 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होम ग्राउंड में अपने अभियान का आगाज करेगी। सीएसके ने एक दिन पहले खिलाड़ियों के चेन्नई पहुंचने की पुष्टि की थी। इसमें सिमरजीत सिंह (तेज गेंदबाज), राजवर्धन हंगरगेकर (ऑलराउंडर), मुकेश चौधरी (तेज गेंदबाज), प्रशांत सोलंकी (स्पिनर), अजय मंडल (ऑल-राउंडर) और दीपक चाहर (तेज गेंदबाज) का नाम शामिल था। शनिवार को ऋतुराज गायकवाड भी पहुंच गए हैं।

## रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल...पहला दिन-मध्य प्रदेश के खिलाफ विदर्भ 170 रन पर ऑलआउट, तमिलनाडु 146 रन पर सिमटी

स्पोर्ट्स डेस्क। रणजी ट्रॉफी 2023/24 के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले शनिवार से शुरु हो गए। पहला सेमीफाइनल मध्य प्रदेश ङ्क्षह्य विदर्भ और दूसरा मुंबई ङ्क्षह्य तमिलनाडु खेला जा रहा है। पहले दिन मध्य प्रदेश के खिलाफ विदर्भ की पहली पारी 170 रन पर सिमट गई। वहीं दूसरी ओर मुंबई के खिलाफ तमिलनाडु टीम पहली इनिंग में 146 रन पर ऑलआउट हो गई।



### पहला सेमीफाइनल- विदर्भ 170 रन पर ऑलआउट

इस सीजन के पहले सेमीफाइनल मैच में नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ग्राउंड में विदर्भ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। टीम का यह निर्णय गलत साबित हुआ, यह टीम पहली पारी में सिर्फ 170 रन ही बना पाई। पहले दिन का खेल खत्म होने तक मध्य प्रदेश टीम ने पहली पारी में एक विकेट के नुकसान पर 47 रन बना लिए हैं। हिमांशु मंत्री और हर्ष गावली नॉटआउट लौटे। विदर्भ के लिए करुण नायर ने सबसे ज्यादा 63 रन की पारी खेली। उनके अलावा अथर्व तायडे ने 39 रन और यश राठौड़ ने 13 रन बनाए।

### आवेश ने 4 विकेट लिए

मध्य प्रदेश की तरफ से तेज गेंदबाज आवेश खान टॉप विकेटटेकर रहे। उन्होंने 4विकेट झटके। कुलवंत खजरोलिया और वेंकटेश अय्यर ने 2-2 विकेट लिए। जबकि अनुभव अग्रवाल और कुमार कार्तिके को 1-1 सफलता मिली।

### दूसरा सेमीफाइनल-मुंबई के सामने तमिलनाडु की पहली पारी फेल

दूसरा सेमीफाइनल मुंबई और तमिलनाडु के बीच मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में खेला जा रहा है। मुंबई के खिलाफ तमिलनाडु टीम ने टॉस जीता और बल्लेबाजी चुनी। मुंबई की शानदार गेंदबाजी के सामने तमिलनाडु पहली पारी में 146 रन पर ही ढेर हो गई। तमिलनाडु की तरफ से टॉप स्कोरर विजय शंकर रहे। उन्होंने 44 रन बनाया। वहीं वाशिंगटन सुंदर ने 43 रन की पारी खेली। मुंबई की तरफ से पहली पारी में तुषार देशपांडे ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। शार्दुल ठाकुर, मुशीर खान और तनुष कोटियान को 2-2 विकेट मिले। मोहित अवस्थी को एक विकेट मिला। दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई की टीम ने दो विकेट के नुकसान पर 45 रन बना लिए हैं। मुशीर खान और अजित राम नाबाद लौटे।

## मेटा ने की सख्ती: जनवरी में भारत में एफबी, इंस्टाग्राम पर 2.2 करोड़ से अधिक कंटेंट हटाए

नई दिल्ली। प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा ने जनवरी में भारत में फेसबुक पर 1.78 करोड़ से अधिक खराब कंटेंट और इंस्टाग्राम पर 48 लाख से अधिक आपत्तिजनक कंटेंट को हटा दिया। मेटा ने देश के आईटी नियमों के अनुरूप जारी आँकड़ों में बताया कि जनवरी में फेसबुक को भारतीय शिकायत तंत्र के माध्यम से 29,548 रिपोर्टें प्राप्त हुईं, और कहा कि उसने 21,060 मामलों में यूजरों के मुद्दों का समाधान किया।




मेटा ने कहा, अन्य 8,488 रिपोर्टों में से जहां विशेष समीक्षा की आवश्यकता थी, हमने अपनी नीतियों के अनुसार सामग्री का विश्लेषण किया, और कुल 4,632 शिकायतों पर कार्रवाई की। शेष 3,856 शिकायतों की समीक्षा की गई, लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं की गई। इंस्टाग्राम पर कंपनी को भारतीय शिकायत तंत्र के माध्यम से 19,311 रिपोर्टें प्राप्त हुईं। इसमें कहा गया है, इनमें से हमने 9,476 मामलों में यूजरों को उनके मुद्दों को हल करने के लिए उपकरण प्रदान किए। अन्य 9,835 रिपोर्टों में से जहां विशेष समीक्षा की आवश्यकता थी, मेटा ने सामग्री का विश्लेषण किया और कुल 4,849 शिकायतों पर कार्रवाई की। शेष 4,986 रिपोर्टों की समीक्षा की गई लेकिन हो सकता है कि उन पर कार्रवाई न की गई हो। नए आईटी नियम 2021 के तहत 50 लाख से अधिक यूजरों वाले बड़े डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को मासिक अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित करनी होती है। मेटा ने दिसंबर 2023 में फेसबुक के लिए 1.98 करोड़ से अधिक कंटेंट और इंस्टाग्राम के लिए 62 लाख से अधिक कंटेंट हटा दिया।

## धर्मशाला टेस्ट से केएल राहुल बाहर, बमुराह की टीम में वापसी

नई दिल्ली। धर्मशाला टेस्ट के लिए टीम इंडिया का ऐलान किया गया है जिसमें जसप्रीत बुमराह की टीम में वापसी हुई है। वहीं केएल राहुल को अंतिम और पांचवे टेस्ट से बाहर कर दिया गया है। भारत-इंग्लैंड के बीच धर्मशाला टेस्ट 7 मार्च से शुरू होगा। इंग्लैंड के खिलाफ केएल राहुल ने सीरीज का पहला और एकमात्र टेस्ट खेला। इसके बाद वो दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत के कारण टीम से बाहर रहे हैं। नए अपडेट में बताया गया है कि बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन पर कड़ी नजर रख रही है और उनकी समस्या के आगे के प्रबंधन के लिए लंदन में विशेषज्ञों के साथ बातचीत चल रही है। बोर्ड ने आगे कहा कि रांची में चौथे टेस्ट के लिए टीम से रिलीज किए गए शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पांचवें टेस्ट के लिए धर्मशाला में टीम के साथ जुड़ेंगे। इस बीच, वाशिंगटन सुंदर को मुंबई के खिलाफ 2 से 6 मार्च तक नागपुर में होने वाले रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच के लिए तमिलनाडु टीम में शामिल होने के लिए टीम से रिलीज कर दिया गया है। पांचवां और अंतिम टेस्ट 7 मार्च से धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा।

## श्रेयस अय्यर को किसी सलाह की जरूरत नहीं-अंजिक्य रहाणे

नई दिल्ली। श्रेयस और ईशान को बाहर करने की वजह यह बताई गई कि ये दोनों घरेलू क्रिकेट को एकदम तरजीह नहीं दे रहे हैं, बीसीसीआई और हेड कोच राहुल द्रविड़ की कई हिदायतों के बाद भी इन दोनों ही खिलाड़ियों ने इस चीज को हल्के में लिया. रणजी मैचों से दोनों ही खिलाड़ी गायब रहे.



बहरहाल, अब श्रेयस अय्यर बीसीसीआई के इस कदम के बाद जागे हैं. अब वो 2 मार्च से अपनी घरेलू टीम मुंबई के लिए तमिलनाडु के खिलाफ रणजी मुकाबले में खेलते हुए दिखेंगे. इस पूरे मसले पर मुंबई रणजी टीम के कप्तान और पूर्व में भारतीय टीम की भी कमान संभाल चुके अंजिक्य रहाणे का भी बयान आया है. रहाणे ने अय्यर को सपोर्ट किया है.

रहाणे ने कहा कि श्रेयस को किसी भी सलाह की जरूरत नहीं है. उन्होंने यह भी कि बीसीसीआई कॉन्ट्रैक्ट से हटने के बाद श्रेयस पर रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में इसका असर नहीं पड़ेगा. श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल से पहले अपने कप्तान का समर्थन मिला, जो उनके लिए काफी अहम रहेगा. रहाणे ने मजबूती से अय्यर का समर्थन किया. रहाणे ने बांद्रा कुर्ला कॉम्पलैक्स में होने वाले सेमीफाइनल से पहले श्रेयस के बारे में कहा- वो एक अनुभवी खिलाड़ी है, वह जब भी मुंबई के लिए खेलने आये तो उनका योगदान शानदार रहा है. हम सेमीफाइनल के लिए उसे अपनी टीम में पाकर एक्साइटेड हैं. श्रेयस को तमिलनाडु के खिलाफ मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए किसी एक्सट्रा मोटिवेशन की जरूरत नहीं होगी.

श्रेयस अय्यर पीठ दर्द की शिकायत के बाद बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए, लेकिन नेशनल क्रिकेट अकादमी (ह्रष्ट) एनसीए की मेडिकल टीम ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को बताया कि अय्यर को कोई फ्रेश इंजरी नहीं है, बल्लेबाज खेलने के लिए फिट है. पर असल बात यह है कि अय्यर को कोलकाता नाइट राइडर्स (ष्टयक्र) कैंप में देखा गया था, अय्यर आईपीएल में इस फ्रेंचाइजी की कमान संभालेंगे. इससे बीसीसीआई नाराज हो गया.

***भाजपा की पहली सूची....***

अट्टिंगल से वी. मुरलीधरन, तिरुवनंतपुरम से राजीव चन्द्रशेखर को उम्मीदवार घोषित किया है।

मध्यप्रदेश के मुरैना से शिवमंगल सिंह तोमर, भिंड से संध्या राय, ग्वालियर से भारत सिंह कुशवाह, गुना से ज्योदिरादित्य सिंधिया, सागर से लता वानखेड़े, टीकमगढ़ से वीरेन्द्र खटीक, दमोह से राहुल लोधी, खजुराहो से वीडी शर्मा, सतना से गणेश सिंह, रीवा से जनार्दन मिश्र, सीधी से राजेश मिश्रा, शहडोल से हिमाद्री सिंह, जबलपुर से आशीष दुबे, मंडला से फग्गन सिंह कुलस्ते, होशंगाबाद से दर्शन सिंह चौधरी, विदिशा से शिवराज सिंह चौहान, भोपाल से आलोक शर्मा, राजगढ़ से रोडमल नागर, देवास से महेंद्र सिंह सोलंकी, मंदसौर से सुधीर गुप्ता, रतलाम से अनिता नागर सिंह चौहान, खरगोन से गजेन्द्र पटेल, खंडवा से ज्ञानेश्वर पाटिल, बैतूल से दुर्गा दास उइके को भाजपा ने मैछान में उतारा है।

राजस्थान के बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल, चुरू से देवेंद्र झाझरिया, सीकर से स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, अलवर से भूपेंद्र यादव, भरतपुर से रामस्वरूप कोली, नागौर से ज्याति मिर्धा, पाली से पीपी चौधरी, जोधपुर से गजेंद्र सिंह शेखावत, बाड़मेर से कैलाश चौधरी, जालैर से लुम्बाराम चौधरी, उदयपुर से मन्नालाल रावत, बांसवाड़ा से महेंद्र मालवीय, चित्तौड़गढ़ से सीपी जोशी, कोटा से ओम बिड़ला, झालावाड़-बारां से दुष्यंत सिंह को प्रत्याशी बनाया है। तेलंगाना से करीमनगर से बंढी संजय कुमार, निजामाबाद से अरविंद धर्मपुरी, जहीराबाद से बीबी पाटिल, मल्काजगिररि से ईटेला राजेंदर, सिकंदराबाद से जी. किशन रेड्डी, हैदराबाद से माधवी लता, चेलवेल्ला से कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी, नगरकुर्नूल से पी. भरत, भोंगीर से बोरा नरसैयाह गौड़प्रत्याशी होंगे। त्रिपुरा के त्रिपुरा पश्चिम से बिप्लब कुमार देब, उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल से माला राज्य लक्ष्मी शाह, अल्मोड़ा से अजय टम्टा, नैनीताल-उधमसिंह नगर से अजय भट्ट को उम्मीदवार बनाया है।

उत्तर प्रदेश के कैराना से प्रदीप कुमार, मुजफ्फरनगर से संजीव कुमार बालियान, नगीना से ओम कुमार, रामपुर से घनश्याम लोधी, संभल से परमेश्वर लाल सैनी, अमरोहा से कंवर सिंह तंवर, गौतम बुद्धनगर से महेश शर्मा, बुलंदशहर से भोला सिंह, मथुरा से हेमा मालिनी, आगरा से सत्यपाल सिंह बघेल, फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर, एटा से राजवीर सिंह (राजू भैया), आंवला से धर्मेन्द्र कश्यप, शाहजहांपुर से अरुण कुमार सागर, खीरी से अजय मिश्रा टेनी, धौरहरा से रेखा वर्मा, सीतापुर से राजेश वर्मा, हरदोई से जय प्रकाश रावत, मिश्रिख से अशोक कुमार रावत, उन्नाव से साक्षी महाराज, मोहनलालगंज से कौशल किशोर, लखनऊ से राजनाथ सिंह, अमेठी से स्मृति ईरानी, प्रतापगढ़ से संगम लाल गुप्ता, फर्रुखाबाद से मुकेश राजपूत, इटावा से राम शंकर कठेरिय, कन्नौज से सुब्रत पाठक, अकबरपुर से देवेन्द्र सिंह 'भोले', जालौन से भानु प्रताप सिंह वर्मा, झांसी से अनुराग शर्मा, हमीरपुर से कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल, बांदा से आरके सिंह पटेल, फतेहपुर से निरंजन ज्योति, बाराबंकी से उपेंद्र रावत, फैजाबाद से लल्लू सिंह, अम्बेडकरनगर से रितेश पांडेय, श्रावस्ती से साकेत मिश्रा, गोंडा से कीर्तिवर्धन सिंह, डुमरियागंज से जगदम्बिका पाल, बस्ती से हरीश द्विवेदी, संतकबीरनगर से प्रवीण कुमार निषाद, महाराजगंज से पंकज चौधरी, गोरखपुर से रवि किशन, कुशीनगर से विजय कुमार दुबे, बांसगांव से कमलेश पासवान, लालगंज से नीलम सोनकर, आजमगढ़ से दिनेश लाल यादव निरहुआ, सलेमपुर से रविन्द्र कुशवाहा, जौनपुर से कृपा शंकर सिंह, चंदौली से महेंद्र पांडेय को मैदान में उतारा है।

पश्चिम बंगाल के कूच बिहार से निशिथ प्रमाणिक, अलीपुरद्वार से मनोज तिग्गा, बेलूरघाट से सुकांता मजूमदार, मालदाहा उत्तर से खगेन मुर्मू, मालदा दक्षिण से श्रीरूपा मित्रा चौधरी, बहरामपुर से निर्मल कुमार साहा, मुर्शिदाबाद से गौरी शंकर घोष, राणाघाट से जगन्नाथ सरकार, बनगांव से शांतनु ठाकुर, जॉयनगर से अशोक कंडारी, जादवपुर से अनिर्बान गांगुली, हावड़ा से रथिन चक्रवर्ती, हुगली से लॉकेट चटर्जी, कांथी से सौमेन्दु अधिकारी, घाटल से हिरण्मय चट्टोपाध्याय, पुरुलिया से ज्योतिर्मय सिंह महतो बांकुड़ा से सुभाष सरकार, बिष्णुपुर से सौमित्र खान, आसनसोल से पवन सिंह, बोलपुर से प्रिया साहा को प्रत्याशी बनाया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

***आरएलडी मुखिया जयंत ने एनडीए ....***

से स्वागत करता हूं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की यात्रा और उत्तर प्रदेश के विकास में आप महत्वपूर्ण योगदान करेंगे। बता दें कि भाजपा ने अपने गठबंधन के सहयोगियों को उत्तर प्रदेश में कुल छह सीटें देने का फैसला लिया है. इन सहयोगी दलों में अपना दल (सोनेलाल पटेल), सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, निषाद पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल शामिल हैं. सूत्र बताते हैं कि बीजेपी ने राष्ट्रीय लोक दल को दो लोकसभा सीटें ऑफर की हैं। एक-दो दिन में यह भी तय हो जाएगा कि राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश में कितनी सीटों पर चुनाव लडेगी, फिलहाल जयंत ने अब यह तय कर दिया कि 2024 में मोदी सरकार वापसी के लिए वे एनडीए के साथ हैं।

राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा का कहना है कि अगले लोकसभा चुनाव में हमारी पार्टी एनडीए गठबंधन के साथ है. एक बार फिर से देश में मोदी की सरकार बनेगी, किसानों, नौजवानों, युवाओं और बेरोजगारों के सभी मुद्दे हल होंगे। आरएलडी मुखिया जयंत चौधरी सभी समस्याओं को सरकार के साथ मिलकर हल करेंगे।

***साय सरकार 12 मार्च को किसानों ....***

नियद नेल्लानार के जरिए गांवों तक बिजली, पानी और सड़क ले जाया जा रहा है. लोगों को मूलभूत सुविधाएं दिलाई जा रही हैं। बीजापुर में बीजेपी नेता की हत्या पर जताया दुख-सीएम ने कहा कि बीजापुर में हुई हत्या की घटना दुखद है, नक्सलवाद के खात्मे के लिए बस्तर में नियद नेल्लानार योजना शुरु की गई है, योजना के तहत सरकार की कोशिश है कि गांवों तक विकास पहुंचे। डबल इंजन की सरकार जब से बनी है नक्सलवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई और तेज हुई है। महतारी वंदन योजना का जल्द आएगा पैसा- सीएम ने कहा कि हमने केंद्र सरकार से कहा कि जिन माता और बहनों ने महतारी वंदन योजना का फॉर्म भरा है उनको जल्द पैसा मिलना चाहिए. साय ने उम्मीद जताई की सात या आठ मार्च को महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना का पैसा आ जाएगा।

***चीन से पाकिस्तान जा रही शिप को...***

उत्तर कोरिया ने अपने परमाणु कार्यक्रम में किया था। सूत्रों ने बताया कि वेसल का नाम ष्ठह्रक्रष्टतरूह्लह्लद्बद्यड्ड जो को पाकिस्तान स्थित कराची जा रहा था उसे न्हावा शावा पोर्ट पर ष्ठक्रढ्ढ ने 23 जनवरी को रोक लिया था, इसके बाद 24 जनवरी को वेसल से कंटेनर को उतार किया गया और वेसल को जाने दिया गया। 16 फरवरी के दिन हैदराबाद से ष्ठक्रष्ठरु को टिम ने कंटेनर को खोला और उन कंटेनर में मौजूद सामान की जांच शुरू कर दी। सूत्रों ने बताया कि प्राथमिक जांच के दौरान पता चला है कि कार्गो में हाईटेक ष्ठहृष्ट लेथ मशीन थी, जिसका इस्तेमाल डिफेंड और स्पेस में उपयोग होने वाले हाय प्रेसिशन टूल्स बनाने के लिए भी किया जा सकता है। कार्गो को फिलहाल न्हावा शेवा पोर्ट पर रोक कर रखा गया है।

0 भारतीय रक्षा अधिकारियों जांच में किया खुलासा

बंदरगाह के अधिकारियों ने गुप्त सूचना देकर भारतीय रक्षा अधिकारियों को सतर्क किया जिन्होंने खेप का निरीक्षण किया और अपने संदेह की सूचना दी। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद खेप जब्त कर ली गई। अधिकारियों ने बताया कि बिल और अन्य विवरण जैसे दस्तावेजों के अनुसार शंघाई जेएक्सई ग्लोबल लॉजिस्टिक्स कंपनी लिमिटेड ने सियालकोट की पाकिस्तान विंग्स प्राइवेट लिमिटेड को यह खेप भेजी थी।

हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों की गहन जांच में पता चला है कि 22,180 किलोग्राम वजन की यह खेप ताइयुआन माइनिंग इंपोर्ट एंड एक्सपोर्ट कंपनी लिमिटेड ने पाकिस्तान में कॉसमॉस इंजीनियरिंग के लिए भेजी गई थी। पाकिस्तानी रक्षा आपूर्तिकर्ता कॉसमॉस इंजीनियरिंग 12 मार्च, 2022 से निगरानी सूची में है, जब भारतीय अधिकारियों ने न्हावा शेवा बंदरगाह पर इटली में निर्मित थर्मोइलेक्ट्रिक उपकरणों की एक खेप को रोक दिया था।

***मोदी ने जताया आभार....***

विशेष आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिसे मैं बहुत महत्व देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी पार्टी ने कुछ सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी बाकी सीटों की घोषणा आने वाले दिनों में कर देगी। मैं उन सभी को बधाई देता हूं, जिन्हें हमारी पार्टी के उम्मीदवारों के रूप में नामित किया है और उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। हम सुशासन के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर लोगों के पास जा रहे हैं। यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रगति का लाभ सबसे गरीब लोगों तक पहुंचे। मुझे यकीन है कि भारत के 140 करोड़ लोग हमें फिर से आशीर्वाद देंगे। उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने और एक विकसित भारत बनाने में हमें और भी ताकत देंगे।

# जिले के विकास और दिशा तय करने के लिए समन्वय से कार्य करें- संतोष पाण्डेय

मोहला (दावा)। लोकसभा राजनांदगाव के सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मोहला-मानपुर के विधायक इंद्रशाह मंडावी, तीनों जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यों की मौजूदगी में केंद्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की विभागवार समीक्षा की गई। बैठक में सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिला प्रदेश के सबसे आकांक्षी जिलों में से एक है। जिले के विकास के लिए हम सभी शिद्दत के साथ कार्य करें।

उन्होंने कहा कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति, विकास कार्यों की समीक्षा करता है। उन्होंने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है जो भी कार्यक्रम और योजनाएं चलाई जा रही है, वह धरातल पर दिखे और योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज की इस बैठक में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, सेवाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा की गई है। समिति की सार्थकता है कि अधिकारीयों द्वारा जो भी फीडबैक प्रस्तुत किया गया है। उनकी निगरानी और समन्वय के साथ समीक्षा किया जाना है। उन्होंने कहा कि जिले में जो भी विकास कार्य चलाया जा रहा है, वह समय पर पूर्ण हो और की उसकी महत्ता और गुणवत्ता धरातल स्तर पर दिखे और क्षेत्र का विकास हो। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों की चिंता होनी चाहिए कि विकास कार्यों को समय पर पूरा किया जाए और क्षेत्र को अग्रणी जिला बनाने की दिशा में सभी का समन्वित प्रयास होनी चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अधिकारियों के द्वारा अच्छी जानकारी प्रस्तुत की गई है।



समिति के सदस्यों के द्वारा कमियां और जिज्ञासा रखी गई है। अधिकारियों के द्वारा इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत किया गया है। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी प्रदेश के लिए अति महत्वपूर्ण जिला है।

**जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों की हुई समीक्षा**

हम सब मिलकर जिले को विकसित और अग्रणी जिला बनाने, विभिन्न विकास कर जनता के हित में कार्य करेंगे। इस अवसर पर विधायक इंद्रशाह मंडावी ने विकासकार्यों को समय पर पूरा करने व कमियों को दूर करते हुए प्राथमिकता के साथ कार्य करने कहा। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी मुखर होकर अपनी बातें रखी।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक में विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया।

उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा जिले में चल रहे विकास कार्यों की रूपरेखा के संबंध में चिंता करने के साथ ही जरूरी सुझाव दिए। कुछ योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति में कमी पर इन सभी कार्यों को समय पर पूर्ण जिले का विकास करने कहा गया।

बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, दीनदयाल ग्रामीण कौशल्या योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, श्यामा प्रसाद मुखर्जी अर्बन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, सुगम्य भारत अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय विरासत शहर विकास और वृद्धि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, एकीकृत वाटर सेड प्रबंधन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजनाओं की समीक्षा की गई। इसके साथ ही शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजना, महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजना, खाद्य विभाग की विभिन्न योजना, कौशल विकास योजना, लोक सेवा केंद्र, खनिज विभाग, जल संसाधन विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई।बैठक में कलेक्टर एस जयवर्धन ने कहा कि जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी नवीन जिला है। जिले के सभी अधिकारी जिले को विकसित जिला बनाने के क्षेत्र में शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता से कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर मिले लक्ष्य को धरातल पर स्थापित करने की दिशा में कार्य करते रहेंगे। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि जो भी कमियां होगी उसे दूर करते हुए कार्य करेंगे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहला लगनु राम चंद्रवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानपुर दिनेश शाह मण्डावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष अं.चौकी श्रीमती कुमारी बाई जुरेशिया जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, परियोजना निर्देशक हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति बैठक संपन्न

## सड़क सुरक्षा से संबंध में नागरिकों को किया जा रहा है जागरूक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर ने कहा कि जिले में सभी वाहनों की फिटनेश परीक्षण निरंतर किया जाना चाहिए। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को देखते हुए स्कूलों सहित अन्य सभी वाहन जिनका उपयोग निर्वाचन कार्य में किया जाएगा, उनका फिटनेश परीक्षण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी वाहनों के फिटनेश परीक्षण कराने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाना चाहिए। सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखकर सभी संबंधित एजेंसियां, विद्यालय, एनजीओ सहित अन्य वर्ग द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रकार की सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता गतिविधियां हर पखवाड़े आयोजित कर लोगों को जागरूक करें। इसके अलावा आमजन को हेलमेट पहनने के लिए लोगों को निरंतर जागरूक करते रहे। बैठक में संयुक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त परिवहन अधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री गिरीश रामटेके सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सड़क सुरक्षा समिति की विगत बैठक में लिए गए निर्णयों के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। बैठक में जिले में नेशनल हाईवे एवं राजकीय राजमार्ग के विभिन्न ब्लैक स्पार्ट के चिन्हांकन कर उनमें सुधार करने पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इसके लिए पूर्व में गठित समिति आगामी सोमवार को चिन्हांकित ब्लैक स्पाट का निरीक्षण कर दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रभावी सुझाव एवं कार्रवाई करेगी। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में अंजोरा, सोमनी, देवादा, पार्रीनाला, पेण्ड्री, रिवागहन चौक एवं डोंगरगढ़ में गांधी पेट्रोल पंप चिन्हित ब्लैक स्पाट है। इन सभी चिन्हित ब्लैक स्पाट पर निरीक्षण के पश्चात सुरधार के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा अतिक्रमण हटाने पर चर्चा की गई।

सड़क एवं नाली में अंतर है, उसका दुरूस्तीकरण, रोड मार्किंग व रोड मरम्मत, फ्लाई ओवर में लाईट की व्यवस्था, आवारा मवेशी को रोड से हटाने, शहर के भीतर पार्किंग व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त परिवहन अधिकारी श्री वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा हेलमेट एवं अन्य यातायात नियमों के पालन के लिए समय-समय पर कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले चालकों के ड्राइविंग लाईसेंस के निलंबन की कार्रवाई भी हो रही है। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा शिक्षण संस्थाओं में बच्चों को लाने व ले जाने के लिए उपयोग में आने वाले वाहनों के लगातार फिटनेश जांच की जा रही है। इसके लिए स्कूल प्रबंधन को भी निर्देशित किया गया है और आगे भी उनके वाहनों की निरंतर जांच की जाएगी। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से उनके वाहन चालकों एवं परिचालकों के स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। बैठक में प्रदूषण की रोकथाम, दुर्घटनाओं के शिकार हुए लोगों की तत्काल मदद व चिकित्सा हेतु प्रबंध एवं ट्रामा सेन्टर की स्थापना, विभिन्न एजेंसियों के समन्वय से यातायात नियमों का पालन, शिक्षा, जागरूकता एवं बेहतर व सुरक्षित यातायात हेतु आवश्यक उपायों पर चर्चा की गई।

# साहित्य प्रवाह समिति के तत्वावधान में बसंत पंचमी पर गोष्ठी का आयोजन



डोंगरगढ़(दावा)। साहित्य प्रवाह समिति डोंगरगढ़ के तत्वावधान में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर काव्य गोष्ठी का आयोजन तनिष्क लान में किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं समिति के सदस्य अमृत दास साहू द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति के साथ गोष्ठी की विधिवत शुरुआत हुई। तत्पश्चात उपस्थित कवियों एवं साहित्यकारों द्वारा काव्य पाठ का दौर चला। सर्वप्रथम स्व. किशोर मिश्रा की सुपुत्री आर्या मिश्रा द्वारा खुद को ईश्वर कहते हो तो जल्दी अपना नाम बताओ की शानदार प्रस्तुति एवं उनकी पत्नि वीणा मिश्रा द्वारा भगवान राम को समर्पित भजन की प्रस्तुति की गई। समिति की वरिष्ठ साहित्यकार राजकुमारी जैन, निर्मला सिन्हा एवं नीलिमा ढोमने द्वारा ऋतुराज बसंत को समर्पित शानदार गीतों एवं कविताओं की बेहतरीन प्रस्तुति ने गोष्ठी में जैसे चार चांद लगा दिए।

शैल शर्मा द्वारा देश के वीर सपूतों को समर्पित शानदार देश भक्ति से ओत-प्रोत रचना की प्रस्तुति हुई। अमृत दास साहू द्वारा बेना और तोर मोर मया म का बात हबे ना बुढ़त काल म दाई ददा के झन करिही बंटवारा छत्तीसगढ़ी गीत की शानदार प्रस्तुति ने गोष्ठी को एक ऊंचाई तक पहुंचाया। बेदराम पटेल द्वारा प्रस्तुत करिया अक्षर भैंस बरोबर छत्तीसगढ़ी व्यंग्य कविता एवं वरिष्ठ साहित्यकार बलबीर सिंह भाटिया द्वारा चुनाव शीर्षक पर प्रस्तुत हिन्दी व्यंग कविता ने हंसी के ठहाके लगाने उपस्थित लोगों को मजबूर कर दिया, वरिष्ठ साहित्यकार विजय गुप्ता द्वारा आंसू नामक कविता का काव्य पाठ किया। जिसने कविता की विशिष्टता का परिचय कराया। समिति के युवा गजलकार एवं शायर गुलशन बालाघाटी द्वारा प्रस्तुत गीत गजल और शायरी ने जैसे समा ही बांध दिया। समिति के अध्यक्ष तजिंदर सिंह भाटिया द्वारा विभिन्न विधाओं जैसे कह मुकरी, तुक्तक गजल आदि की लाजवाब प्रस्तुति हुई।साथ ही उनके द्वारा गद्य एवं पद्य विधा लेखन में होने वाली सामान्य तकनीकी त्रुटियों पर भी ध्यान आकृष्ट कराया गया एवं बीच- बीच में कार्यशाला आयोजित करने की सलाह दी गई। अंत में आभार प्रदर्शन समिति के वरिष्ठ सदस्य नवीन सोनी ने किया। गोष्ठी में श्री तिवारी की विशेष उपस्थिति रही। गोष्ठी का संचालन गुलशन बालाघाटी ने किया।

# माध्यमिक शाला बैहाटोला में बच्चों ने बनाई गुब्बारा कार



खैरागढ़ (दावा)। शासकीय माध्यमिक शाला बैहाटोला में हर घर गुब्बारा कार अभियान के अंतर्गत गुब्बारा कार बनाकर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान मेला का आयोजन किया। संस्था के नवाचारी प्रधान पाठक किशोर शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बच्चों को अनुभव आधारित शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शाला में हर घर गुब्बारा कार अभियान चलाया गया। जिसमें छात्रों ने गुब्बारा कार बना कर आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर उसे चलाया गया। विज्ञान के प्रति छात्रों की रूचि और समझ बढ़ाने के लिए शाला में विज्ञान मेले का आयोजन भी किया गया। मेले में लगाए गए सभी मॉडल कबाड़ के सामानों से बनाया गया है। जिसमें कैलिडिस्कोप, श्वसन तंत्र, स्टेथेस्कोप, पानी में अंडो का तैरना, दर्पण के खेल, वायुदाब, वर्षामापी यंत्र, जल संरक्षण, चन्द्रयान 3, के साथ बहुत से मॉडल कबाड़ से बनाकर बच्चों एवं अन्य छात्रों द्वारा उनकी प्रस्तुति कि गई। ज्ञात हो कि शाला में अनेक नवाचारी गतिविधियों में विषय विशेषज्ञों को आमंत्रण, कला मेला, मंच प्रदर्शन, लेखन, वाल मैगजीन के साथ ही छत्तीसगढ़ के परम्परागत खेलों का आयोजन से बच्चों के मानसिक विकास के साथ साथ जीवन कौशल भी विकसित होता है। कार्यक्रम में सभी शिक्षक कल्याण वर्मा, सत्यकुमार गावड़े, तीरथ चन्देल आदि उपस्थित थे।

# नेहरू महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस




डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ श्रीमती ई.वी. रेवती व विज्ञान संकाय अध्यक्ष श्रीमती सोनाली लोया खानखोजे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सर्व प्रथम विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें कुल 7 पोस्टर विभाग द्वारा बनाएं गए । इसमें प्रथम स्थान रसायनशास्त्र विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा द्वितीय स्थान भौतिक विभाग व तृतीय स्थान वनस्पति विज्ञान के छात्र छात्राओं ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता के पश्चात अतिथि व्याख्यान कराया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. श्रीमती निशा मेश्राम उपस्थित थी। उन्होंने किशोरावस्था के दौरान व्यवहार में बदलाव और यौन संचारित रोग विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. मेश्राम ने अपने व्याख्यान में किशोरावस्था से जुड़े विभिन्न परिवर्तन व समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए उन्हें कई चीजें जैसे धूम्रपान गुटका व शराब सेवन सब से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन प्रभात कुमार बेस व आभार प्रदर्शन ऋचा अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा को अविनाश सिंह द्वारा बताई गई। इस कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के सभी प्राध्यापक ओमप्रकाश वर्मा, गौरव तिवारी, लीलाराम देवांगन, प्रिया ठाकुर मोनिका वर्मा, वासुदेव साहू, रोशन साहू सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

# आईटीबीपी द्वारा कटेमा में पशु चिकित्सा शिविर व चिकित्सा शिविर का आयोजन

**नि:शुल्क इलाज व दवाई का वितरण**




डोंगरगढ़(दावा)। आईटीबीपी द्वारा कटेमा में पशु चिकित्सा शिविर व चिकित्सा शिविर के तहत नि:शुल्क ईलाज किया गया। कटेमा स्थित 40 वीं वाहिनी आईटीबीपी के द्वारा कमांडेट अनंत नासायाप्पा दत्ता के मार्गदर्शन में डॉ. अमित कुमार पाण्डेय (मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी), खैरागढ़ मुख्य पशु चिकित्सक डॉ. राजीव शर्मा तथा सहायक सेनानी श्रीनिवास के नेतृत्व में पशु चिकित्सक शिविर, ग्राम कटेमा में दिनांक 01 मार्च को आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों के 45 पशुओं का मुफ्त में ईलाज तथा जांच किया। जिसमें बीमार तथा कमजोर पशुओं का उपचार किया गया। स्थानीय ग्रामीणों को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने आईटीबीपी के जवानों ने कटेमा में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर ग्रामीणों की स्वास्थ्य की जांच की। 40वीं बाहिनी के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. तारकेश्वर नाथ ने 80 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाईया वितरण किया गया।

इस मौके पर ग्राम पंच मायाराम ने बताया की कटेमा में आईटीबीपी कैम्प खोलने से ग्रामीणों में काफी उत्साह है और आईटीबीपी के द्वारा की जा रही सिविक एक्सन प्रोग्राम की काफी सराहना की। इस कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक संदीप कुशवाहा, राजीव कुमार, सउनि बी.बी.दलाई, केवल कुम्ममार, हवा/जीसी प्रशान्त कुमार एवं अन्य हिमवीर एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# श्री राधा कृष्ण मंदिर का स्थापना दिवस व यादव मेले का आयोजन संपन्न



डोंगरगढ़(दावा)। 24 फरवरी को श्री राधा कृष्ण मन्दिर का स्थापना दिवस व यादव मेले का आयोजन उत्साह मय वातावरण में संबंध हुआ। इस अवसर पर श्री राधा - कृष्ण की पूजा एवं आरती पश्चात एक जोड़े का गायत्री पद्धति से विवाह संपन्न कराया गया। विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पीपर खार निवासी जितेन्द्र यादव का विवाह ग्राम मदनपुर निवासी सौ.का. सीमा यादव से किया गया। विवाह पश्चात विभिन स्थानों से आए युवक एवं युवती का परिचय सम्मेलन एवं नगर तथा ग्राम जोशोमती के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**एक जोड़े का गायत्री पद्धति से विवाह संपन्न कराया गया**

कार्यक्रम में डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा अपने संबोधन में समाज को संगठित, शिक्षित तथा संस्कारी होने की सलाह दी गई। इसके पश्चात प्रांताध्यक्ष अजय यादव ने समाज के संख्या बल के अनुरूप राजनीत में जगह प्राप्त करने पर बल दिया। जिला अध्यक्ष मन्ना यादव ने समाज को नशा छोड़ शिक्षा अपनाने को कहा। कार्यक्रम में श्री सुरेश केलाय पाई ,खैरागढ़ जिला अध्यक्ष ईश्वर यादव एवं गंडई अध्यक्ष उत्तम यादव के अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर उपाध्याय रामकुमार यादव, महेश यादव, आनंद यादव, रवि यादव, विश्वनाथ यादव, जीतू यादव, पुनाराम यादव, बलीराम, वीरेश, वीरसिंह, हरिराम, कैलाश, राजू यादव, नरेश, उमय, रुपलाल, संतोष करेन्द्र, हीरालाल, हुलाराम, देवेश, कृपलाल, सह, रामलखन, प्रवण, योनिम, सुखा- श्रीमत मंजू यादव ने अपार सहयोग दिया।

# पेंड्री समीप उप-रेल्वे स्टेशन के लिए सांसद को सौंपा गया ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। शहर के वरिष्ठ नागरिकों ने सांसद संतोष पाण्डे को ज्ञापन सौंपकर पेंड्री-बरगा समीप चरण पादुका मंदिर के पास रेल लाइन में उप रेल्वे स्टेशन बनाए जाने की के मांग की है। जिला भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने बताया कि इस संबंध में सांसद से पूर्व में मौखिक बात की गई थी तथा दपुमरे प्रबंधक श्रीमती त्रिपाठी के स्थानीय रेल्वे स्टेशन आगमन पर उनके ध्यान में लाया गया था। उनके द्वारा आश्वासन मिलने पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मोदी जी द्वारा वर्चुअल शिलान्यास किया जाने अवसर पर श्री अग्रहरि सहित सीनियर सिटीजन राकेश इंदुभूषण ठाकुर, आत्माराम कोशा अमात्य, अमलेंदू हाजरा आदि द्वारा सांसद को ज्ञापन सौंपा गया।



**स्थानीय रेल्वे स्टेशन में छत्तीसगढ़ी में एनाउंसमेट के लिए माना गया आभार**

श्री अग्रहरि ने बताया कि शहर का दिनों-दिन विस्तार होते जा रहा है। शहर के अंदर तमाम झुग्गी झोपड़ी वालों को बेदखल कर पेंड्री अटल आवास में बसा दिया गया है। दैनिक मजदूरी कमाने वाले गरीब तबके के लोगो को शहर कमाने आने के लिए आटो या अन्य वाहनों से आवागमन करने के लिए रोजाना सौ-डेढ़ सौ रुपए खर्च करने पड़ते हैं। इसी तरह मेडिकल कालेज हास्पिटल-पेंड्री में उपचार हेतु मरीजों व उनके परिजनों व हास्पिटल स्टाफ फैकल्टी को आवागमन करने में आर्थिक बोझ तो होता ही है साथ ही नेशनल हाईवे में भांय-भांय मोटर गाड़ियों का भय बना रहता है। लोगों को इन समस्याओं से मुक्ति दिलाने पेंड्री के समीप पैसेंजर व लोकल ट्रेनों का स्टापेज होना आवश्यक हो गया है। श्री अग्रहरि ने बताया कि छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति-जिला ईकाई के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक-आत्माराम कोशा 'अमात्य' द्वारा स्टेशन मास्टर राजेश बर्मन से राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन में छत्तीसगढ़ी में एनाउंसमेट करवाने एवं पेंड्री समीप उप-रेल्वे स्टेशन की मांग उठाई की गई थी।

इसमें छत्तीसगढ़ी में एनाउंसमेट की मांग तत्काल पूरी हो इसके लिए साहित्य समिति द्वारा रेल्वे प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। लेकिन पेंड्री समीप उप-रेल्वे स्टेशन की मांग डी.आर एम-नागपुर के अंडर होने के कारण पत्र व्यवहार की बात कही जाने पर पूर्व रेल्वे सलाहकार समिति के जितेंद्र काथरानी के साथ श्री कोशा ने नागपुर डी.आर.एम. से मिल कर उक्त संबंध में मांग की गई। तब डीआरएम द्वारा जन प्रतिनिधियों द्वारा मां उठाने व पत्र व्यवहार किए जाने उपरांत मांग पूरा होने का आश्वासन दिया गया। तब साहित्य समिति के पेड में उपरोक्तजनो की उपस्थिति में रेल्वे स्टेशन में सांसद संतोष पाण्डेय ज्ञापन सौंपा गया और मांग की गई कि शहर की बढ़ती आबादी व विस्तार को देखते हुए पेंड्री क्षेत्र में उप-रेल्वे स्टेशन की सुविधा उपलब्ध करा कर लोगों को सस्ता एवं सुलभ रेल सुविधा उपलब्ध कराए।

# सांसद संतोष पांडे को दोबारा टिकट: बस्तर संभाग में 8 विधानसभा सीटों पर कराया था भाजपा का कब्जा

**सांसद संतोष पांडे को बधाईयां देने मानव मंदिर चौक में उमड़ पड़े नेतागण, कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाईयां**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा द्वारा छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित करने की सूचना मिलने पर राजनांदगांव से वर्तमान सांसद संतोष पांडे को पुनः टिकट मिलने पर भाजपा कार्यकर्ता हर्षित हो उठे।



सभी कार्यकर्ता प्रसन्नचित होकर सांसद संतोष पांडे को बधाइयां देने मानव मंदिर चौक पहुंचे जहां युवा मोर्चा द्वारा भव्य आतिशबाजी की गई एवं पुनः सांसद संतोष पांडे को मोदी जी द्वारा टिकट दिए जाने पर केंद्र सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने खुशी प्रकट करते हुए कहा कि 5 साल में सर्वाधिक सक्रिय रहने वाले सांसद संतोष पांडे को टिकट देकर मोदी जी ने कार्यकर्ताओं का मान सम्मान बढ़ाया है।

सभी मानव मंदिर चौक पहुंचकर संतोष पांडे को बधाइयां दी, और फूल मालाओं से स्वागत सत्कार भी दिया, जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा, नीलू शर्मा, सचिन बघेल, कोमल सिंह राजपूत राजेंद्र गोलछा, अशोक देवांगन, आलोक श्रोति, डॉ. संदीप भट्टाचार्य, राजेश खांडेकर, योगेश बागड़ी, राजेश श्यामकर,मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी, अशोक आदित्य श्रीवास्तव, प्रखर श्रीवास्तव रूपचंद भीमनानी, राजेश यादव, वरुण पांडे भागचंद गिड़िया, दादूराम सोनकर, रवि सिन्हा, अमर लालवानी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**भाजपा कार्यालय में होगा स्वागत**

भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि सांसद संतोष पांडे का 3 मार्च रविवार को सुबह 11:00 बजे भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत किया जाएगा जिसमें सभी कार्यकर्ता एवं नेतागण उपस्थित रहेंगे। इस दौरान सांसद संतोष पांडे ने शनिवार के शुभ दिन पर भगवान श्री हनुमान के मंदिर में बजरंगबली के दर्शन किए और कार्यकर्ताओं के साथ प्रार्थना भी की।

# गबन के आरोप में सुपरवाईजर-सेल्समेन सहित तीन कर्मचारी बर्खास्त

**आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त गंडई द्वारा देशी मदिरा कम्पोजिट दुकान का निरीक्षण**




राजनांदगांव (दावा)। आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त-गंडई द्वारा 28 फरवरी को देशी मदिरा कम्पोजिट दुकान में दुकान साल्हेवारा का आकस्मिक निरीक्षण करने पर 1,12,730 रुपये की चोरी/गबन प्रकाश में आने के पश्चात कार्यरत कर्मचारी मिथलेश ध्रुव सुपरवाईजर, सरित यादव सेल्समेन, गौकरण सोनवानी मल्टीपर्पस वर्कर से स्पष्टीकरण चाहा गया, उन तीनों कर्मचारियों द्वारा शासकीय मदिरा दुकान की विक्रय राशि के बारे में बताने में असमर्थता जाहिर किया गया।

तदुपरान्त आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए समक्ष गवाहन पंचनामा बनाया गया। शासकीय मदिरा दुकान की राशि गबन के आरोप में उक्त कर्मचारियों को कार्य से पृथक किये जाने की मांग पर देशी मदिरा दुकान साल्हेवारा के सुचारू संचालन हेतु अतिरिक्त स्टाफ की आवश्यकता है, जिसके आधार पर जिले में कार्यरत अन्य सुपरवाईजरों व सेल्समेन को तत्कालीन व्यवस्था के रूप में स्थानान्तरित किया गया। उक्त के संबंध में संबंधित प्लेसमेंट एजेंसी प्राईमवन को गबन की राशि को शासकीय कोष में जमा करने हेतु पत्र व्यवहार किया गया।

जिले में नवपदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा क्षेत्र में हो रही चोरी एवं गबन को रोकने के लिए निरंतर गश्त एवं पतासाजी किया जा रहा है जिससे प्लेसमेण्ट कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। जिले में अवैध मदिरा धारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने हेतु उपलब्ध वाहन से निरंतर गश्त एवं पतासाजी किया जा रहा है। जिले में वर्ष के दौरान आबकारी अधिनियम 1915 की धारा के तहत प्रकरण संख्या- 223, जप्त मदिरा की मात्रा- 2299 लीटर, जप्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य 5,14,360, जप्त दो पहिया वाहन एवं जप्त चार पहिया वाहन की संख्या, आरोपियों की संख्या- 223 को गिरफ्तार कर न्यायालीन कार्यवाही की गई।

जिले में यदि किसी भी प्रकार की अवैध मदिरा का धारण, परिवहन एवं विक्रय होता है तो जिसकी शिकायत जिला प्रभारी डिगेश कुमार देवांगन जिला आबकारी अधिकारी मोबाईल नम्बर 9131502113, तपन सोरी, सहायक जिला आबकारी अधिकारी मो.न. 7587799555 एवं विजयेन्द्र कुमार आबकारी उपनिरीक्षक मो.न. 8839362234 पर सूचना दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जावेगा।

# महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन हेतु आज जिले के सभी बैंक रहेंगे खुले

- केवल महिलाओं के बैंक खाते से आधार लिंक एवं डीबीटी सक्रिय करने किया जाएगा कार्य
- 5 मार्च तक महतारी वंदन योजना के लिए विशेष काउन्टर की व्यवस्था करने के निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के सभी बैंक शाखाओं को रविवार 3 मार्च को केवल महतारी वंदन योजना अंतर्गत महिलाओं के बैंक खाते से आधार लिंक एवं डीबीटी सक्रिय करने हेतु बैंक की कार्यालयीन व्यवस्था चालू रखने के निर्देश दिए हैं।

साथ ही बैंकर्स को महिलाओं के बैंक खाते से आधार लिंक की जानकारी भी प्रस्तुत करने कहा है। कलेक्टर ने बैंकर्स को 5 मार्च तक महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन हेतु विशेष काउन्टर की व्यवस्था उपलब्ध कराने निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के तहत पात्र 21 वर्ष से अधिक विवाहित महिला, तलाकशुदा महिला, परित्यक्ता महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए उनके आधार लिंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा।

जिले में बैंकों के माध्यम से महिला हितग्राहियों के आधार उनके बैंक खातों से लिंक करने हेतु 13 हजार 614 का लक्ष्य शेष है। बैंकों के माध्यम से इस कार्य को 5 मार्च 2024 तक पूर्ण किया जाना है। जिसके लिए जिले के सभी बैंक शाखाओं को आज 3 मार्च को केवल महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन हेतु बैंक की कार्यालयीन व्यवस्था चालू रखने निर्देशित किया गया है।

## डीएमएफ घोटाला और मनी लॉड्रिंग मामले में ईडी ने 30 लाख नगद सहित अवैध लेनदेन के दस्तावेज और डिजिटल एविडेंस डिवाइस किये जब्त

रायपुर। डीएमएफ घोटाला और मनी लांड्रिंग मामले में तीन पूर्व मंत्रियों के पांच करीबियों के यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने शुक्रवार को पहले दिन की कार्रवाई में सभी से कुल 30 लाख रूपए नगद, अवैध लेन-देन के दस्तावेज और डिजिटल एविडेंस डिवाइस जब्त किए गए हैं। ईडी की टीम बैकुंठपुर से जनपद सीईओ राधेश्याम मिर्झा को पूछताछ के लिए शुक्रवार रात रायपुर लेकर आई है। वहीं दूसरे दिन शनिवार को भी ईडी की टीम सभी ठिकानों में डटी हुई है। टीम द्वारा कोरबा में जेपी अग्रवाल, अंबिकापुर में अशोक अग्रवाल, बालोद में पीयूष सोनी डौंडी में तोरण चंद्राकर और बैकुंठपुर सहित मनेंद्रगढ़-चिरिमिरी-भरतपुर राधेश्याम मिर्झा के ठिकानों में तलाशी जारी है।

# महंगाई कम कर जनता को राहत दें मोदी सरकार- कुलबीर

**केन्द्र सरकार की महंगाई के खिलाफ शहर व ग्रामीण कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में किया विरोध प्रदर्शन**

राजनांदगांव (दावा)। केन्द्र की भाजपानीत मोदी सरकार की विफलताओं एवं गलत नीतियों के कारण देश में लगातार महंगाई बढ़ रही है। दैनिक आवश्यक रोजमर्रा वस्तुओं जैसे खाद्य पदार्थ, सब्जी, पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी/पीएनजी की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में एक दिवसीय विरोध-प्रदर्शन किया गया।

जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा तथा जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में शनिवार 02 मार्च को जयस्तंभ चैक स्थित गोल बाजार के पास प्रतिकात्मक रूप से विरोध प्रदर्शन कर जन समर्थन जुटाया। केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा पेट्रोल डीजल, गैस सिलेण्डर, खाद्य तेल एवं अन्य घरेलू सामानों के दाम बेतहाशा बढ़ा रही है, स्थिति यह है कि महंगाई के कारण आज आम आदमी का जीना मुश्किल हो गया है।



शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि मोदी जी ने कहा था कि केन्द्र में हमारी सरकार आते ही 100 दिन में महंगाई कम करेंगे, अच्छे दिन लाएंगे सपना दिखाकर महंगाई इतना बढ़ा दी कि गरीब, मध्यम वर्ग का जीना दुस्वार हो गया। गैस सिलेण्डर सहित दैनिक रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ाने से लोग परेशान है। केन्द्र सरकार को होश में आना चाहिए और दैनिक वस्तुओं के दाम यथाशीघ्र कम करना चाहिए। आज आमजनता को जीवन के गुजर-बसर में बहुत तकलीफ हो रही है। देश के लोगों की परेशानियों से केन्द्र की सरकार को कोई लेना-देना नहीं है। महंगाई नियंत्रित करने में केंद्र सरकार पूरी तरह असफल हो चुकी है। वहीं जनकल्याण के लिए कांग्रेस मजबूती के साथ खड़ी है।

इस दौरान जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा कमर्शियल गैस के दामों में लगातार इजाफा कर रही है।

केंद्र की भाजपा सरकार आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है। केन्द्र की मोदी सरकार हर क्षेत्र में विफल और असफल है इसी कारण ये कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रही है। कांग्रेस द्वारा प्रतिकात्मक रूप से विरोध प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार को आगाह करना चाहते है कि जल्द से आवश्यक वस्तुओं के दाम कम कर आमजनता को राहत दें वरना कांग्रेस संगठन आमजन मानस के साथ उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगी। केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध जताते हुए कांग्रेसजन हाथों में तख्तियां लिए केन्द्र सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए कांग्रेस भवन से निकले जो गोलबाजार, गुड़ाखू लाइन होते हुए जूनी हटरी से वापस जयस्तंभ चैक में आमसभा के साथ समापन किया। इस दौरान कांग्रेसजनों द्वारा सब्जी खरीदी की गई। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, महापौर हेमा देशमुख, रमेश डाकलिया, रमेश राठौर, पीसीसी महामंत्री डा.थानेश्वर पाटिला, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, सविता ठाकुर, महामंत्री झम्मन देवांगन, नरेश शर्मा, हनी ग्रेवाल, नासिर जिंदरान, अध्यक्ष उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, अशोक फडनवीस, गोपीचंद गायकवाड, योगेन्द्र प्रताप सिंह, मोहिनी सिन्हा, महिला कांग्रेस माया शर्मा, अजय मारकंडे, मनीष गौतम, अब्बास खान, घनश्याम देवांगन, प्रतिमा बंजारे गेमू कुंजाम, मामराज अग्रवाल, अभिमन्यु मिश्रा, अवधेश प्रजापति, एजाजूर रहमान, अतुल शर्मा, नीलेश ठावरे, सुरेन्द्र देवांगन, आशा शर्मा, रीना पटेल, ललिता साहू, पार्षद महेश साहू, मनीष साहू, पूर्णिमा नागदेवे, अजय छेदैया भारत सोनी, सुनिता सिन्हा, सुरेन्द्र गजभिए, संगीता साहू, रवि साहू, गुमार सिंह ढीमर, विष्णु सिन्हा, मयंक सोनी, प्रियेश मेश्राम, नासिर भाई सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# मधुसूदन ने परीक्षार्थियों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए दी शुभकामनाएं



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने आज प्रातः ठाकुर प्यारेलाल स्कूल मैदान में पहुंचकर दसवीं बोर्ड की परीक्षा दिलाने जा रहे नौनिहालों से मुलाकात की है। इस अवसर पर भाजपा नेतागण पार्षद पारस वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सावन वर्मा, शहर उत्तर मण्डल अध्यक्ष हर्ष (गुड्डा) रामटेके, किसुन यदु नेता प्रतिपक्ष नगर निगम राजनांदगॉव, भाजयुमो नेता उज्जवल कसेर, समाजसेवी एवं पूर्व सरपंच तुमड़ीबोड़ राजेन्द्र जैन (बन्टू), मनीष जैन एवं साथी उपस्थित रहे।

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने बच्चों को गुलाब का फूल भेंट किया एवं शांत प्रसन्न मन से परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। परीक्षार्थी बच्चे भी अपने क्षेत्र के चहेते नेता मधुसूदन को अपने बीच पाकर एवं उनसे गुलाब के फूल के साथ शुभकामनाएं स्वीकार करके तनावमुक्त होकर हंसी-खुशी परीक्षा स्थल की तरफ रवाना हुवे।

पूर्व सांसद मधुसूदन ने बताया की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रतिवर्ष परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से परिचर्चा आयोजित कर विद्यार्थियों पर परीक्षा के बढ़ते तनाव को कम करने और परीक्षा में सफलता पाने के कारगर उपायों से परीक्षार्थियों को अवगत कराने के लिये प्रयासरत् रहते हैं। इसी कड़ी में संस्कारधानी के बच्चों को परीक्षा के पूर्व तनावमुक्त एवं प्रसन्नचित्त वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह एक छोटा सा प्रयास मात्र है।



# रक्तदान के लिए बाप-बेटी का अनुकरणीय प्रयास

राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणि साहू एवं उनकी पुत्री निवेदिता साहू ने जरूरतमंदों को निःशुल्क रक्तदान प्रदान करने का सिलसिला शुरू करके समाज के लिए अनुकरणीय कार्य किया है।

उल्लेखनीय है कि नीलमणि ने अपने जीवन काल में 41 बार उनकी पुत्री निवेदिता साहू ने 02 बार रक्तदान किया है। पिता पुत्री का संकल्प है कि वे जरूरतमंद मरीजों को खासतौर से गरीब तपके के मरीजों को वे निःशुल्क रक्त देने के लिए 24 × 7 दिन तैयार रहेंगे।

# विश्वकर्मा योजना का जरूरतमंदों को लाभ दिलाने की मुहिम शुरू



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जिला स्तरीय बैठक आज दोपहर प्रारंभ हुई, जिसमें प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर जिलेभर से आये पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर इसे जमीनी स्तर पर जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाने का आव्हान किया गया। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह योजना परंपरागत कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान कर विश्वकर्मा योजना का लाभ उन्हें दिलाना है।

इस योजना के तहत उपलब्ध पैतृक एवं परम्परागत कौशल को आधुनिक तकनीकी से जोड़कर उनका कौशल विकास करना, जिससे कारीगरों की योग्यता, क्षमता और उत्पादन बढ़ाने के लिये आधुनिक औजार और टूलकीट प्रदान करना है। उन परंपरागत करीगरों को मात्र 5 प्रतिशत ब्याज दर पर 18 आसान किश्तों में अदायगी करना है, इसमें पंजीकरण आवश्यक है तथा ऋष्ण सहायता 1.1 लाख रू. पहले 18 महीनों के लिये उसके पश्चात 2.2 लाख रूपये 30 माह के लिये दिया जा रहा है। इस योजना के तहत लाभार्थी की आयु कम से कम 18 वर्ष हो तथा इस योजना में उन 18 किस्मों के परंपरागत कारीगरों को लाभ मिलेगा, जिन्होंने पाँच वर्षो में राज्य शासन या केन्द्र सरकार की किसी योजना का लाभ न लिया हो साथ ही विश्वकर्मा योजना में परिवार के एक सदस्य को ही लाभ प्राप्त होगा, परिवार का आशय माता-पिता एवं अविवाहित संतानों से है, बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने योजना को सार्वागीण विकास करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णय को साधुवाद देते हुये कहा कि इस योजना से हमारे परंपरागत उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।

बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रदेश संयोजक, व्ही. विश्वनाथ प्रदेश सहसंयोजक साजन जोसेफ प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा, अभियान के जिला संयोजक राजेन्द्र जैन (बंटू) सहसंयोजक देवशरण सेन, शिव वर्मा, दक्षिण मंडल अध्यक्ष तरूण लहरवानी, मंडल संयोजक हकीम खान, सहसंयोजक गोलू गुप्ता, उत्तर मंडल संयोजक चंद्रभान जंघेल, डोंगरगांव मंडल संयोजक लक्ष्मीनारायण गुप्ता, सहसंयोजक गुलशन हिरवानी, घुमका मंडल संयोजक राकेश साहू, सहसंयोजक राजेश्वरी साहू, भूपेन्द्र वर्मा, लालबहादुर मंडल से मुकेश साहू, हेमदीप साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# छत्तीसगढ़ में संतोष पांडेय को दोबारा टिकट



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से ब्क्ष्छ्क ने संतोष पांडे को लगातार दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। इससे कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखने को मिला। लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए सदन में अपने क्षेत्र की आवाज हमेशा बुलंद करते रहे हैं, जिसका सीधा फायदा मिला है। भाजपा ने राजनांदगांव-कबीरधाम लोकसभा सीट से संतोष पांडेय को उम्मीदवार बनाया है। संतोष पांडेय कवर्धा के निवासी हैं भाजपा ने उन्हें दोबारा अपना प्रत्याशी घोषित किया है। सांसद से पहले वे मंडी के अध्यक्ष, रमन सरकार के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने जीत दर्ज किया था।

राजनांदगांव-कबीरधाम लोकसभा चुनाव की बात करें तो इस लोकसभा सीट में बीते 2009, 2014 व 2019 तक भाजपा का कब्जा रहा है।

बीते तीन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। 2009 में भाजपा के मधुसूदन यादव, 2014 में अभिषेक सिंह और 2019 के चुनाव में भाजपा के संतोष पांडेय ने जीत दर्ज की है। खास बात यह है कि 2009 व 2019 के विजेता प्रत्याशी अभिषेक सिंह व संतोष पांडेय कवर्धा के निवासी है। इस लोकसभा सीट में दोनों जिलों की आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं जिसमे कबीरधाम से दो और राजनांदगांव से 6 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

# संतोष पाडेय के समर्थकों ने फोड़े पटाखे, बांटी मिठाईयां



खैरागढ़ (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से मौजूदा सांसद संतोष पांडेय को दोबारा टिकट दिए जाने की घोषणा के बाद खैरागढ़ में उनके समर्थकों ने नगर में जमकर आतिशबाजी की, मिठाईयां बांटी और पूरे शहर में भारत माता, जय श्रीराम और मोदी जिंदाबाद के जयकारे लगाएं। इनमें सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, राकेश गुप्ता, लक्ष्मीचंद आहूजा, अजय जैन, टिलेश्वर साहू, चंद्रशेखर यादव, कमलेश कोठले, आलोक श्रीवास, शशांक ताम्रकार, सूरज देवांगन, शुभम सिंह ठाकुर, संदीप ठाकुर, संजय बरड़िया, धर्मेंद्र सांखला, हषवर्धन वर्मा, राजीव चंद्राकर, गौतम सोनी, मंगल सारथी, उत्तम दशरिया, अंकित गर्ग, विजय प्रताप सिंह, मिनेश बख्शी, भूपेंद्र वर्मा समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।













जमीन बेचना है
कोटरा जय बाबा राईस मिल के पास बांधाबाजार, जिला मोहला-मानपुर, अं. चौकी में 2 एकड़ 39 डिसमिल जमीन अतिशीघ्र बेचना है.
-: संपर्क :-
मो.-9479006044
9424106868

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com